स्वर्ण आभूषणों पर जीएसटी के पूर्व एवं पश्चात् लगने वाले कर का अध्ययन – जीएसटी लागू होने के पूर्व स्वर्ण व रजत आभूषणों के व्यापार पर 1 प्रतिशत उत्पाद शुल्क एवं 1 प्रतिशत वेट लगाया जाता था, इस प्रकार सराफा व्यापारियों को कुल 2 प्रतिशत की दर से कर देय था जबकि जीएसटी कानून के अंतर्गत इस व्यापार पर 3 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगाया जाता है। नई कर व्यवस्था में आभूषणों के मेकिंग चार्ज पर भी 5 प्रतिशत जीरएसटी लगाया जाता है। इसे निम्न तालिका से समझा जा सकता है–

तालिका क्रमांक 1: वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के पूर्व एवं पश्चात् करों का विवरण

विवरण	**वस्तु एवं सेवा कर के पूर्व कर की दरें**	**वस्तु एवं सेवा कर के पश्चात् कर की दरें**
आयात शुल्क	10 प्रतिशत	10 प्रतिशत
उत्पाद शुल्क	1 प्रतिशत	–
वेट (विक्रय कर)	1 प्रतिशत	–
जीएसटी	–	3 प्रतिशत
मेकिंग चार्जेस	10 प्रतिशत	10 प्रतिशत
मेकिंग चार्जेस पर जीएसटी	निरंक	5 प्रतिशत

(स्त्रोत – पुरानी अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की अधिकृत वेबसाईट)

स्वर्ण आभूषणों के मूल्य पर जीएसटी के प्रभाव का अध्ययन –जीएसटी लागू होने के बाद स्वर्ण आभूषणों के मूल्य पर होने वाले प्रभाव को निम्न तालिका में प्रदर्शित किया गया है–

तालिका क्रमांक 2: वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के पूर्व एवं पश्चात् आभूषणों के मूल्य का तुलनात्मक विवरण

विवरण	**वस्तु एवं सेवा कर के पूर्व**	**वस्तु एवं सेवा कर के पश्चात्**
10 ग्राम सोने का अनुमानित मूल्य	50000	50000
+ मूल सीमा शुल्क 10 प्रतिशत	5000	5000
योग	**55000**	**55000**
+ उत्पाद शुल्क 1 प्रतिशत	550	–
योग	55550	55000
+ वेट 1 प्रतिशत	555	–
योग	56105	55000
+ जीएसटी 3 प्रतिशत	–	1650
कुल मूल्य	56105	56650
+ मेकिंग चार्जेस 10 प्रतिशत	5500	5500
योग	61605	62150
मेकिंग चार्ज पर जीएसटी 5 प्रतिशत	–	275
आभूषणों का कुल मूल्य	**61605**	**62425**
आभूषणों की खरीदी पर कुल देय कर	**1105**	**1925**

तालिका की विवेचना – उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि जीएसटी लागू होने के बाद –

आभूषणों पर कर वृद्धि – 820 रू. (1925–1105), (कर की राशि में 74.2प्रतिशत वृद्धि)

आभूषणों में मूल्य वृद्धि – 820 रू. (62425–61605), (मूल्य में 1.34 प्रतिशत वृद्धि)

निष्कर्ष – इस प्रकार उपरोक्त अध्ययन से यह स्पष्ट हो है कि वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के पूर्व 10 ग्राम सोने के आभूषण का कुल मूल्य 61605/– रूपये हो रहा है जबकि वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के बाद यह बढ़कर 62425/– रूपये हो गया है। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि वस्तु एवं सेवा कर लागू होने के बाद आभूषणों के मूल्यों में वृद्धि हुई है। हालांकि अल्पकाल में यह मूल्य वृद्धि हमें प्रतिकूल प्रतीत हो सकती है किंतु देश की अर्थव्यवस्था की दृष्टि से देखा जाये तो दीर्घकाल में यह अनुकूल साबित हो सकती है।

शून्य परिकल्पना का परीक्षण

शून्य परिकल्पना (H_0)– वस्तु एवं सेवा कर का स्वर्ण आभूषणों के मूल्यों पर कोई प्रभाव नहीं हुआ है। **(अस्वीकृत)**

वैकल्पिक परिकल्पना (H_1)– वस्तु एवं सेवा कर का स्वर्ण आभूषणों के मूल्यों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हुआ है। **(स्वीकृत)**

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. वस्तु एवं सेवाकर एवं सीमा शुल्क – डॉ. श्रीपाल सकलेचा
2. वस्तु एवं सेवाकर एवं सीमा शुल्क – डॉ. एच.सी.मेहरोत्रा
3. सांख्यिकी के सिद्धांत– डॉ. शुक्ल एवं सहाय
4. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, भारत सरकार की रिपोर्ट
5. जीएसटी की ऑफिशियल वेबसाईट
6. प्रमुख समाचार–पत्र एवं पत्रिकाऐं – दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण, नई दुनिया

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

नैतिक मूल्य में साहित्य की भूमिका

डॉ. बिन्दु परस्ते*

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – आज का समय बहुत आशांत है। मनुष्य के जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव देखे जा रहे हैं। वह समझ नहीं पा रहा कैसे जिया जाए। वह एक ऐसी जीवन पद्धति की तलाश में है जो व्यावसायिक सफलता देने के साथ मानसिक शांति भी प्रदान करें। पुरानी जीवन पद्धति रास नहीं आ रही, साथ ही तकनीकी युग में व्यवहारिक भी प्रतीत नहीं होती। जहाँ वह पारिवारिक आनंद लेना चाहता है तब परिस्थितियों या सांसारिक कठिनाइयों के कारण बेवस नजर आता है। युवाओं की सारी शक्ति कैरियर बनाने तथा नयी कुशलता अर्जित करने में निकल जाती है। जीवन में जीविका भी आवश्यक है। व्यस्तता कितनी है कि ना तो बच्चों को समय दे पाता है और ना माता-पिता को। महिलाएं भी कामकाजी होने के कारण बच्चों की परवरिश संबंधी तकलीफों का सामना कर रही है। बच्चों में सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों की स्थापना, रिश्तो में असमंजस तथा सामाजिक दायित्व निभाना आदि धीरे-धीरे विलुप्त होने के कगार पर है।

संसार में हम इतने खो गए हैं कि हमारे पास जिंदगी की खूबसूरत चीजों को देखने का समय नहीं है। प्रकृति, अध्यात्म, धर्म एवं सांस्कृतिक के देखने का समयाभाव है जिस कारण जीवन तनावपूर्ण हो रहा है। छोटी उम्र में भी शारीरिक व मानसिक समस्याएँ देखी जा रही है। मेरे विचार से इन कठनाईयों को कुछ कम करने में साहित्य का बड़ा योगदान है। साहित्य के मधुर उत्पाद जैसे- कहानी, कविता, उपन्यास, नाटक आदि जीवन में शांति एवं आनंद की धारा बहा सकते हैं। आधुनिक उपकरणों जैसे टेलीविजन, कम्प्यूटर, स्मार्टफोन आदि जिसमें आज भी युवा पीढ़ी एवं बच्चे भी अधिक समय व्यतीत करते हैं, साहित्य का स्वस्थ प्रदर्शन कर जिंदगी को आसान बनाया जा सकता है। हालांकि मानवीय स्वार्थ एवं बातचीत का कोई विकल्प नहीं है।

साहित्य मानवीय संवेदनाओं का लिखित संग्रह होता है जिसका उद्देश मनोरंजन, शिक्षा, समाज सुधार आदि होता है। साहित्य हर सदी का उतार चढ़ाव देखते हुए अमर हो जाता है। सभी साहित्य की कृतियाँ आज भी अमर है। तुलसीदास, सूरदास, कालिदास, कबीरदास आदि कवियों के काव्य आज भी हृदय को अंदोलित करते हैं। हिंदी के महान कवि दिनकर अपनी कविताओं के माध्यम से सीना तान कर जीना सिखाते हैं। अंग्रेजी साहित्य के प्रसिद्ध नाटककार विलियम शेक्सपियर अपने नाटकों में समाजिक, नैतिक एवं मानवीय शिक्षा की मूल्यों को बखूबी से संप्रेषण के कारण विश्व विख्यात है।

आज के युग में साहित्य का महत्वपूर्ण योगदान है। साहित्य की विभिन्न विधाओं का अध्ययन कर मानव समाज अपनी समस्याओं का समाधान तथा तनाव कम कर सकता है। तभी कवि एवं लेखक अपनी कविताओं के माध्यम से सुझाव देते हैं कि अधिक से अधिक प्रकृति के पास रहे वर्तमान का समय आनंद ले तथा भविष्य के लिए आशावान रहें। साहित्य का हर रूप हमें कुछ सिखाता है साथ ही मनोरंजन भी कराता है।

साहित्य सांस्कृतिक धरोहर भी है। नैतिक शिक्षा का भंडार पंचतंत्र की कहानियों को पढ़ने से मिलता है। प्रेमचंद की कहानियाँ सामाजिक बुराइयों, शोषण, गरीबी का भावात्मक चित्रण करती है तथा मन मस्तिष्क पर गहरी छाप छोड़ती है। सत्यता से परिचय कराते हुए जीवन जीना सिखाती है। इस धारा में भक्ति साहित्य भारतीय संस्कृति एवं उच्च आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करता है।

अच्छा साहित्य सदैव भावनाओं को शुद्ध एवं विचारों को परिमार्जित करता है। कहा जा सकता है साहित जीवन के सत्य एवं सौन्दर्य के सदर प्रदर्शन को मनुष्य तक पहुंचाने का माध्यम है जिससे मानव अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ग्रहण कर जीवन की कला पा सकता है।

किसी का सकते था
मेंने संदर्भ में जोड़ दिया।
कोई मधुकोष काट लाया था
मैंने निचोड़ लिया।
यों मैं कवि हूं आधुनिक हूँ नया हूँ
काव्य तत्व की खोज में कहां नहीं गया हूँ।
चाहता हूँ आप मुझे
एम- एन शब्द पर सराहते हुए पढ़े।
पर प्रतिमा - अरे वह तो
जैसी आप को रूचे आप स्वयं गढ़े।

उपर्युक्त पंक्तियां सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन वात्स्यायन अज्ञेय की नया कवि आत्म स्वीकार से उद्धत है आज्ञेय ने रचना सृजन के दौरान मनोस्थिति को बहुत ही सुंदर तरीके से सहाँ अभिव्यक्त किया है। साहित्य का अर्विभाव भी इसी समाज से होता है जिसे रचनाकार अपने भावों के साथ मिलाकर उसे एक आकर देता है। यही रचना समाज के नवनिर्माण में पथप्रदर्शन की भूमिका निभाने लगती है। अज्ञेय मानते हैं कि साहित्यकार होने के नाते अपने समाज के साथ उनका एक विशेष प्रकार का संबंध है। समाज से उनका आशय चाहे हिंदी भाषी समाज रहा हो जो कि उनका पहला पाठक होगा चाहे मानव समाज जो हो जो की शब्द मात्र में अभिव्यक्त होने

वाले मूल्यों की अंतिम कसौटी ही नहीं बल्कि उनका स्रोत भी है।

नैतिकता हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है यह हमें सही और गलत के बीच अंतर को समझने और सही कार्यवाही करने की क्षमता प्रदान करती है। नैतिकता मानवीय संबंधों समाज और समाज के नियमों को स्थापित करने में मदद करती है और हमें अपने जीवन को समृद्ध, संतुलित और आनंदमय बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भाषा, साहित्य एवं संस्कृति के संबंधों को लेकर नई सजगता जरूरी है जिससे जीवन में सकारात्मकता लाने के साथ मानव व्यक्तित्व के निर्माण में सहायता संभव है। परिवार और समाज किसी भी राष्ट्र के लिए स्नायुतंत्र की भूमिका निभाते हैं। नैतिकता ही वह पथ है जिसके माध्यम से समाज में आपकी विश्वास और भयमुक्त जीवन के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. साहित्य कंज - रंजना जैन
2. हिंदी भाषा और नैतिक मूल्य - प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा
3. कविता संग्रह - श्री सच्चिदानंद हीरानंद वात्सायायन अज्ञेय

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

भारतीय ज्ञान परंपरा की वर्तमान प्रासंगिकता

प्रो. श्रीकान्त मिश्रा* डॉ. प्रवीण कुमार यादव**

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय, कोतमा (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान (अर्थशास्त्र) शासकीय महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय, कोतमा (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारतीय ज्ञान परंपरा सर्वश्रेष्ठ ज्ञान परंपरा है, जिसमें हमारे वेद, ग्रंथ, उपनिषद् सब निहित हैं। जो हमें संस्कार परम्परा, आदर्श, शिष्टाचार का ज्ञान देती हैं। प्राचीन काल से ही भारतीय ज्ञान परंपरा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास कर समाज व राष्ट्र का विकास करना था। भारत ने उच्च तत्व ज्ञान की मीमांसा की। हमारी सभ्यता के मानदंड की स्थापना की। प्रस्तुत शोध पत्र द्वारा मुख्य रूप से अध्यात्म, धर्म, समाज व शिक्षा के क्षेत्र में वेदों के अध्ययन के साथ भारतीय शिक्षा में वेदों के महत्व को देखते हुए वर्तमान शिक्षा में प्रासंगिकता का मूल्यांकन करने का प्रयत्न किया है।

प्रस्तावना – अतीत वर्तमान की जड़ होती है। प्राचीन परम्पराएँ प्रेरणाएँ, ग्रंथ, उपनिषद्, वेद आदि हमारे राष्ट्र की वर्तमान स्थिति और प्रेरणा का मूल स्त्रोत हैं। वेद भारतीय ज्ञान परंपरा के आधार हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार हमारे चिंतन में अनेक धारणाएँ हैं। किन्तु पाश्चात्य परंपरा ने एक ही धारा को केवल प्रसारित किया है। विदेशी विचारकों में सदैव से ही हमारी भारतीय ज्ञान परंपरा को विखंडित कर दबाकर रखने का प्रयास किया है। और ऐसे ही पाश्चात्य सभ्यता में लिप्त सभ्यता वाले यूरोपीय देशों द्वारा वेदों को निरर्थक साबित करने के लिए अपना सम्पूर्ण प्रयास किया गया था। वेदों को चरवाहे और गड़रिये आर्यो के द्वारा लिखे गए मात्र गीत समझे गए। यूरोपीय देशों द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर किया गया आक्रमण अन्य आक्रमणो में से सबसे बड़ा आक्रमण था सम्भवत: वेदों मे वर्णित प्रकृति में समाहित रहस्यों को अनर्गल प्रलापों से भरे होने के दावे किए गए। परन्तु वैदिक सनातन समाज द्वारा इन आक्रमणों का सामना किया, और आरोपो का जोरदार खंडन किया गया । और वेदों के ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित किया। पुरातन समय के संदर्भ में हमारे राष्ट्र का विवरण किया जाए तो पता चलता है कि इसका निर्माण राजनीतिक आर्थिक तथा सामाजिक क्षेत्र में न होकर धार्मिक क्षेत्र से हुआ था। हमारे राष्ट्र की परम्पराएँ और संस्कृति धार्मिक भावनाओं से व्याप्त हैं। धार्मिक दृष्टि से देखा जाए तो जीवन में सभी अंग धर्म प्राधान्य हैं। भारतीय संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा में धर्म, अर्थ, काम मोक्ष समाहित है। हमारे राष्ट्र की संस्कृति और सभ्यता का उत्थान भारतीय ज्ञान परंपरा से है न कि राष्ट्र की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थिति। वर्तमान परिदृश्य में हमे अपनी ज्ञान परपंरा और सामाजिक व्यवस्था का मनन करने और अपने ढंग़ से जीने की आवश्यकता है। जहाँ एक ओर अपनी ज्ञान परंपरा, जीवनशैली और सामाजिक व्यवस्था को बाजारवाद से सुरक्षित करने की आवश्यकता है। वहीं हमें पश्चिमी परम्पराओं और विदेशी ज्ञान विज्ञान को अलग करके अपनी परम्पराओं और मान्यताओं का पुनर्उत्थान करते हुए भारतीयता में पूर्ण रूप से आत्मसात करना होगा। अन्य विचारधाराओं के लोगों से संवाद स्थापित करना होगा और साथ लेकर चलने का प्रयास करना होगा। हमारी परंपरा एक रूप मानते हुए सम्मान करने की है, और उनमें एकता प्रतिस्थापित करने की है जिसे वर्तमान में अच्छे तरीके से व्यवहार में उतारना होगा। जिससे भारत पूरे विश्व में एक बड़ी ताकत के रूप में उभर सकें। हमें अपनी मानसिक स्थिति को परिवर्तित कर अपने जीवन में व्यवहारिक भारतीयता को अपनाने की आवश्यता है। पश्चिमी सभ्यता के विकासवादी प्रारूप के आवरण को छोड़कर हम विश्व में समृद्धि ला सकते हैं। पश्चिमी दृष्टिकोण को अपनाकर हमने प्राचीन ज्ञान परंपरा का सदैव तिरस्कार किया है। हम भारतीय अपनी संस्कृति, ज्ञान परंपरा और यहाँ तक की महापुरूषों को जब तक सम्मान नहीं देते तब तक अन्य देशों में उन्हें सम्मान नहीं मिलेगा। यही कारण है वर्तमान में अन्य देशों में भी योग, आयुर्वेद, होम्योपैथी , यूनानीं, प्राकृतिक चिकित्सा जैसे प्रयोग प्रसिद्धि पा रहे हैं। हमें अपनी पारम्परिक जड़ी बूटियों, गोमूत्र का ध्यान तब आता है जब विकसित देश जैसे अमेरिका उन्हें पेटेंट करवा लेता है। योग को हमने दरकिनार कर दिया था जब वहीं योगा के रूप में आया तो हम उसके प्रति आकर्षित हो गए।

पाश्चात्य देशों में पले बढ़े लोग भारत में आकर संस्कार एवं मंत्रोउच्चारण के बीच विवाह के बंधन में बंधने में रूचि ले रहे हैं। और हमे अपने ही संस्कार पुराने खयालात व मिथक लगते हैं। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा भी बोलचाल की भाषा के रूप में प्रयोग की जाती है। मुझे आश्चर्य होता है कि जितनी मेहनत हम अंग्रेजी भाषा को सीखने में लगाते हैं, उतनी मेहनत यदि हम अपनी राष्ट्रभाषा को सीखने का प्रयास क्यों नहीं करते।

पाश्चात्य संस्कृति को दोष देने से पूर्व हमें अपने आप में झाँककर देखना चाहिए की हम स्वयं अपनी संस्कृति के प्रति कितनी आस्था व विश्वास रखते हैं। प्राचीन समय में हमारा राष्ट्र 'सोने की चिड़िया' था। उस दौरान भारत की व्यापारिक व राजनीतिक परिस्थितियाँ अत्यधिक सुदृढ़ थी। परन्तु ग्यारवीं सदी के बाद हमारे राष्ट्र की व्यापारिक, राजनीतिक व आर्थिक स्थिति विघटित होने लगी। तत्पश्चात् भारत में पाश्चात्य सभ्यता वाले यूरोपीय देशों ने व्यापार की दृष्टि से रूख किया। मुख्यत: भारत में ब्रिटिश

साम्राज्य का आधिपत्य हो गया। ब्रिटिशियों द्वारा भारत के आर्थिक आधार को तहस नहस कर अपने आधिपत्य में कर लिया गया। अंग्रेजो द्वारा भारत की संपदा व समृद्धि को योजनाबद्ध तरीके से दोहन किया गया। फिरंगियों द्वारा देश की कानूनी व्यवस्था के चलते देश को एक साँचे में ढ़ालने का काम किया परन्तु उनकी 'फूट डालो और राज करो' की नीति ने हमारे राष्ट्र की सांस्कृतिक समसरसता को खंडित किया और सांप्रदायिक कुरूपता को बढ़ावा मिला।

फिरंगियों द्वारा हमारे राष्ट्र व लोक में व्याप्त भारतीय ज्ञान परंपरा व गुरूकुल शिक्षा प्रणाली को खत्म कर पाश्चात्य सभ्यता व अंग्रेजी शिक्षा की नींव रखी व इसको बढ़ावा दिया। इसी कारण हमारे राष्ट्र की सांस्कृतिक धरोहर आम जन के लिए महत्वहीन हो गई। सभ्यता, परंपराएँ, शास्त्र इत्यादि भारतीय लोगों के लिए बहुत महत्व रखते थे। भारत में योग, पतंजलि व चिकित्सा शास्त्र को महत्व दिया जाता था परन्तु पाश्चात्य सभ्यता के बढ़ने के कारण इनका महत्व नहीं रहा। वेद हमारे राष्ट्र के विश्व ज्ञान का कोष माने जाते हैं। उपनिषद् ब्रहमाण्ड की जिज्ञाशाएँ मानी जाती हैं।

हमारे ग्रंथ, ज्ञान, साहित्य व संस्कारो को अपनाकर या आचरण में लाकर हम हमारे समाज संस्कृति से दुराचार को हटाकार प्रकृति को व समाज को राष्ट्रहित व जीव जगत के लिए लाभदायक बना सकते है। हमारा राष्ट्र पिछले कुछ दशकों से पाश्चात्य सभ्यता की ओर आकर्षित हो रहा है। हम भारतीय मूल संस्कृति को छोड़कर पाश्चात्य सभ्यता में लीन हो गए। परन्तु हमें हमारे राष्ट्र की मूल सभ्यता व संस्कृति, ज्ञान परंपरा का अहसास तब हुआ जब हमने इसी ज्ञान के आधार पर वैश्विक मुकद्मे जीते। भारत में स्थापित अनेक विदेशी कंपनियों व व्यापारियों द्वारा ज्ञान प्रणाली से उत्पादन के तरीके चुरा लिए गए। विदेशों में लोग हमारी संस्कृति को अपना रहे हैं और हम हमारी संस्कृति व ज्ञान परंपरा को पीछे छोड़कर पाश्चात्यीकरण की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हमारी संस्कृति व विद्या ऐसी धरोहर है जो पूरे विश्व को लाभान्वित कर सकती है।

वेद (सनातन) – भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार वेद हैं। विश्व का सबसे प्राचीनतम धर्म वेद को माना जाता है। मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक मनुष्य द्वारा किए जाने वाले सभी संस्कार वैदिक काल से ही वेदों पर निर्धारित हैं।

वेदों की प्रमुख शाखाएँ हैं।

1. वैदिक सभ्यता
2. वैदिक साहित्य

वैदिक सभ्यता – विश्व की प्राचीन सभ्यताओं में से एक वैदिक सभ्यता है, जिसमें वेदों की रचना हुई। पाश्चात्य सभ्यता के विद्धानों द्वारा बताया गया कि भारत में आर्यों का समुदाय 1500 ई.पू. आया। आर्यो के आने के बाद भारत में वैदिक सभ्यता की नींव पड़ी। वेदों के अतिरिक्त इस दौरान कई अनेक ग्रन्थों की रचना हुई। जिसमें पवित्र धार्मिक ग्रंथ शामिल हैं। पौराणिक ग्रंथ, रामायण और महाभारत की रचना संस्कृत भाषा में हुई।

वैदिक साहित्य –वेद प्राचीनतम आधारभूत ग्रन्थों में से एक हैं। वेद भारतीय संस्कृति का पवित्र साहित्य है। जो हिन्दुओं के प्राचीन धर्म ग्रन्थ के रूप में जाना जाता है। भारतीय दर्शन के अनुरूप प्राचीन भारतीय शिक्षा में वेदों का बहुत अहम महत्व है। वेदों के आधार पर शिक्षण परंपरा के सिद्धान्त विकसित हुए। और भारतीय ऋषियों द्वारा अध्यात्म और मुनियों द्वारा वेदों, पुराण, उपनिषद और ग्रंथ के माध्यम से भारतीय शिक्षा को सर्वश्रेष्ठ बनाया गया। प्राचीन भारतीय शिक्षा की मुख्य विशेषता यह थी कि शिक्षा जीवनपयोगी हो। ऋषि–मुनियों द्वारा विद्यार्थियों को आचरण, विनय तथा अनुशासन का पालन करना सिखाया जाता था। परन्तु वर्तमान समय में विद्यार्थियों में विनय व अनुशासन का अभाव पाया जाता है। प्राचीन समय में आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक जीवन के सिद्धांतों की अपेक्षा धर्म का योगदान अधिक प्रभावशाली होता था। प्राचीन काल में गुरूकुल शिक्षा प्रणाली थी। विद्यार्थी का गुरू गृह में रहना आवश्यक होता है। गुरू की सेवा करना भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार अत्यधिक महत्वपूर्ण था। गुरूकुल में शिक्षा नि:शुल्क दी जाती थी। सेवा भाव के आधार पर गुरूकुल का व्यय भार निहित किया जाता था। शिष्यों के श्रम के आधार पर सभी गुरूकुल आत्मनिर्भर थे। गुरू की सेवा कर शिष्य स्वयं को श्रेष्ठ पाते थे। शिष्यों द्वारा गुरू की भक्ति और मन, कर्म और वचन से की जाती थी।

वेदों के अनुसार वर्तमान प्रासंगिकता – वैदिक परंपरा के अनुसार हमारे राष्ट्र में प्राचीन काल में प्रत्येक कार्य संस्कार से आरंभ किए जाते थे जो आगे चलकर परंपरा का रूप धारण कर लेते हैं। समय में परिवर्तन के साथ–साथ संस्कार, सभ्यता, परंपरा नष्ट हो गई। भारतीय समाज में धर्मशास्त्र के अनुसार सोलह संस्कारों की व्याख्या की गई है। कुल बीते सालों से हमारी धर्म, संस्कृति पर पाश्चात्यीकरण के कारण खतरा बना हुआ है। हमारे आदर्श, नैतिक मूल्य छिन्न–भिन्न हो गए। परन्तु वर्तमान समय के कुछ तथ्यों व नियमों को देखा जाए तो कुछ चीजें आज भी वैदिक परंपरा को हमसे जोड़ती है। प्राचीन काल से ही भारत में संयुक्त परिवार प्रणाली की प्रथा थी वो प्रणाली आज भी भारतीय समाज में देखने को मिलती है। विवाह–बंधन एक अटूट व पवित्र बंधन वैदिक काल से ही माना जाता था। वही वर्तमान समय में विवाह–बंधन वैदिक परंपरा से हमें जोड़े हुए है। प्राचीन समय से ही भारतीय संस्कृति/ समाज में बुजुर्ग व्यक्ति का सम्मान किया जाता था आशीर्वाद लेते थे। वही संस्कार आज भी जीवित हैं। प्रकृति से प्रेम, पवित्र वृक्षों की पूजा जैसे बरगद, पीपल इनकी पूजा देवी–देवताओं की तरह की जाती थी। जो वर्तमान समय में भी की जाती है। ऋषि–मुनियों का आदर करना इत्यादि अनेकों ऐसी परम्पराएँ हैं जो हमे वैदिक परंपरा से जोड़ती हैं।

शिक्षा व व्यवसाय– प्राचीन काल से ही भारत देश सांस्कृतिक व ऐतिहासिक दृष्टि से प्रसिद्ध है। विश्व में सबसे ज्यादा ग्रंथों की रचना भारत में हुई भगवत्गीता, वेद, उपनिषद्, पुराण सभी भारत की देन हैं। भारत की भूमि कर्मभूमि के नाम से जानी जाती है। अनेको ऋषि–मुनियों, सिद्ध पुरूषों ने भारत की कर्मभूमि पर जन्म लिया। भारतीय सभ्यता में संस्कार और परंपरा 'माँ' के दूध समान माने जाते थे। जिनके कारण भारतवासियों का जन्म लेना सार्थक होता था।

प्राचीन समय में शिक्षा व ज्ञान का अलग की महत्व था। ज्ञान को केवल धन–दौलत कमाने के लिए व सुख सम्पदा बढ़ाने के लिए नहीं माना जाता था। जो वर्तमान में समझा जाता है। प्राचीन समय में ज्ञान का मतलब संस्कारों व शिक्षा का संचय करना माना जाता था। हमारे राष्ट्र के ग्रंथों, वेद, उपनिषदों के अनुसार देखा जाए तो ज्ञान की प्राप्ति तब होती थी जब मनुष्य सभी प्रकार के विकारों से दूर हो जाता था। मोह, दुनियादारी से दूर होकर शिक्षा व ज्ञान प्राप्ती की जाती थी। प्राचीन समय में हमारे बड़ो ने कहा भी है कि,'सुखार्थी कुतो न विद्या' अर्थात् जो मनुष्य सुख भोग रहा है वह मनुष्य कभी शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता। वर्तमान समय में केवल डिग्री का महत्व बचा है। ज्ञान की जगह केवल विद्या की तरफ गौर किया जाता है। ज्ञान का

अर्थ मनुष्य का सम्पूर्ण विकास करना होता है, मनुष्य का अध्यात्मिक–बौद्धिक, शारीरिक–मानसिक व व्यवसायिक विकास को सम्पूर्ण माना जाता था जो वर्तमान समय मे नहीं अपनाया जाता। ज्ञान का माध्यम मनुष्य द्वारा संस्कारो व परम्पराओं का पालन किया जाता था। तभी उनका जीवन अर्थपूर्ण होता था। परंतु वर्तमान समय में बच्चों को केवल स्कूली विद्या दी जाती है । हमारे संस्कार व परंपराएँ न सिखाकर पाश्चात्य सभ्यता को महत्व दिया जाता है जो केवल हमारे समाज व राष्ट्र के आर्थिक विकास में सहायक है परन्तु धार्मिक, सामाजिक व मोक्ष पाने के लिए आगे नहीं बढ़ाती। वर्तमान समय मे शिशु जन्म के साथ ही सभी सुविधाओं से ओत–प्रोत होता है। विद्यालयी शिक्षा प्राप्त करने जाता है। विद्यालय में भी सभी सुविधाओं से तृप्त होता है, विद्यालय में शिक्षक द्वारा डाँटे जाने पर शिक्षक को विद्यालय से माता–पिता के द्वारा निकलवा दिया जाता है। बच्चे के जन्म से ही वर्तमान में आज निर्धारित कर दिया जाता है कि उसे इंजीनीअर बनना है, डॉक्टर बनना है। जिससे बड़ा–होकर अच्छा धन कमा सके। परन्तु संस्कार, परपंरा के अनुसार ऐसी शिक्षा का कोई महत्व नहीं है जिससे मनुष्य का सम्पूर्ण विकास न हो सके। मनुष्य को यदि यह नहीं पता कि मोक्ष प्राप्ति के लिए क्या करना चाहिए तो ऐसी शिक्षा का कोई महत्व नहीं है, क्योकि आज वर्तमान में व्यक्ति द्वारा शरीर व विद्यालय जाकर बुद्धि को बढ़ा लिया जाता है, परन्तु अब जब अपने शिक्षक माता–पिता, बुजुर्ग के सामने सिर नहीं झुकाते तो ऐसी शिक्षा अर्थहीन है। ऐसी अंहकारी शिक्षा मनुष्य को जोड़ने का नहीं नष्ट करने का काम करती है। हमारी भारतीय ज्ञान–परपंरा के अनुसार अपना जीवन निर्वाह तो पशु–पक्षी भी करते हैं, परन्तु ऐसे जीवन निर्वाह करने का क्या फायदा जिसमें शिष्टाचार, संस्कार की भावना न हो। वर्तमान की शिक्षा से केवल मनुष्य की आधारभूत आवश्यकताएँ रोटी, कपड़ा, मकान की पूर्ति करती है परन्तु चरित्र, अनुशासन, संस्कार, मानवता नहीं दे सकती।

भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार शिक्षा व व्यवसाय के क्षेत्र में देखा जाए तो मनुष्य को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जो स्वयं में व्यवसाय का निर्माण कर सके। अथवा एक शिल्पकार एक पत्थर को तराशकर एक सुन्दर और भव्य मूर्ति की स्थापना करता है। प्राचीन समय ने भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार गुरूकलों में विद्यार्थियों को शिक्षा अपने शरीर, इन्द्रियो और आत्मा पर नियंत्रण पाने की शिक्षा दी जाती थी। क्योंकि मनुष्य का शरीर केवल शरीर नहीं है बल्कि आत्मा है जिसमें परमात्मा का वास होता है। जो हमारी देह व उसकी गतिविधियों को चलाता है।

प्राचीन काल की बात की जाए तो जब बच्चा सात साल का होता था। उसका यज्ञोपवीत की विधि की जाती थी, सात साल के बाद ज्ञान प्राप्ति के लिए तपोवन भेज दिया जाता था जहाँ उसे अध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक व धार्मिक ज्ञान दिया जाता था। औषधियों व आयुर्वेद के बारे में ज्ञान दिया जाता था। जहाँ शरीर व मन की शुद्धि के लिए योग व सूर्य नमस्कार सिखाया जाता था। विद्यार्थी अपना कार्य स्वयं करते थे। ऐसी शिक्षा उनको अपने निजी जीवन में बहुत कारगर साबित होती थी। भारतीय ज्ञान परंपरा की ऐसी अद्भुत व अनोखी ज्ञान शैली थी जो व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास करती थी। व्यक्ति जब तपोवन से बाहर निकलता सर्वगुण सम्पन्न होकर निकलता और बाहर आकर अपनी विद्या, ज्ञान, संस्कार को अपने जीवन में उतारता। जिससे समाज का भी आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक विकास होता था। परंतु वर्तमान शिक्षा केवल अर्थोपार्जन की डिग्री प्रदान करती है। जिससे आज मनुष्य स्वार्थी अंहकारी भावना से ओतप्रोत मिलता है। आज मनुष्य में विनय, सहनशीलता, शिष्टाचार का अभाव मिलता है। इस कारण न ही किसी का आदर करता है न हि स्वयं आदर पाता है। प्राचीन काल में वेद, उपनिषद् व ग्रंथों की बात की जाए तो उनके संदर्भ के अनुसार योग व साधना को भी महत्व दिया जाता था। योग व साधना से व्यक्ति का शरीर सम्पूर्ण विकारों से मुक्त रहता है। जिससे व्यक्ति का जीवन उत्कृष्ट होता है। व्यक्ति को नित उठकर योग, साधना व सूर्यनमस्कार करना चाहिए। हमारे ऋषि–मुनियों द्वारा भी बताया गया व आज वर्तमान समय की बात की जाए जिससें बाबा रामदेव जी ने भी कहा है कि प्रत्येक बात व्यक्ति के देह, स्वास्थ्य व समृद्धि पर निर्भर करती है। शरीर स्वस्थ है तभी व्यक्ति अच्छी विद्या प्राप्त कर सकता, अच्छे विचार, अच्छे कर्म करता है। अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण कर सकता है। मन व अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण कर योग व साधना को नियमित रूप से करके कर सकता है। जिससे अच्छे राष्ट्र का निर्माण होगा। राष्ट्र में तेजस्वी, पराक्रमी, ज्ञान से परिपूर्ण व्यक्तियो का निर्माण होगा। यदि मनुष्य को मन, बुद्धि को स्वस्थ रखना है तो प्रथम अपने शरीर को स्वस्थ रखना होगा।

भारतीय ज्ञान परंपरा की वर्तमान प्रासंगिकता –भारत प्राचीन काल में समृद्ध व सम्पन्न देशों मे से एक था। वर्तमान में देखा जाए तो आज भी भारत अनेक चीजों में समृद्ध है। भारत अनेकता में एकता का देश है। यहाँ संस्कार, परम्परा धर्म को पूजा जाता है। भारत की ज्ञान परम्परा प्राचीनकालीन है जो पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ थी। ऐसे शिष्टाचार, आदर्श, सिखाए जाते थे जो हमारे समाज का सम्पूर्ण विकास करते थे परन्तु वर्तमान समय में देखा जाए तो कितना भी पाश्चात्य संस्कृति को अपना लिया जाए परंतु भारत में अभी भी भारतीय ज्ञान परम्परा कहीं ना कहीं जीवित है। अपने बड़ो का आदर करना, आशीर्वाद लेना, नमस्कार करना, चरणस्पर्श ये हमारे समाज में अभी भी व्याप्त हैं। हमारे राष्ट्र में अनेक ऐसे गुरूकुल हैं जहाँ भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित नियम, आदेशों के तहत ज्ञान प्रदान कराया जाता है। ब्रह्मचर्य का पालन करना आज भी हमारे समाज में देखने को मिलता है। भारत में अनेक ऐसे शिक्षण संस्थान हैं जिसमें हमारे वेदों के अनुसार शिक्षा दी जाती है। जो आज की वर्तमान शिक्षा में अत्यंत आवश्यक है। उनमें से एक शिक्षा संस्कृति उत्थान ब्यास संस्थान है। जिनके राष्ट्रीय सचिव श्री अतुल कोठारी जी द्वारा व अन्य श्रीमतगणों द्वारा वैदिक शिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आज पूरे विश्व में बड़ा संकट छाया है। पूरे विश्व में कोरोना जैसी भयंकर महामारी फैली है। जिसने पूरे विश्व को हिला कर रख दिया है। पाश्चात्य सभ्यता इतनी फैल गई थी कि व्यक्ति नमस्कार व चरण स्पर्श की बजाए हाथ मिलाने व गल मिलने लगा था। पूरे विश्व व साथ–साथ भारत भी अपनी परंपरा को छोड़कर पाश्चात्य सभ्यता को अपना रहा था। परंतु कोरोना जैसी महामारी के कारण आज पूरे विश्व में भारतीय ज्ञान परंपरा के आदर्शो को अपनाया जा रहा है। हाथ मिलाने की बजाए हाथ जोड़कर, झुककर नमस्कार किया जा रहा है। इसके साथ–साथ भारतीय वेदों के ज्ञान, उपनिषदों में निहित मंत्रों का उच्चारण जो हमारे मानसिक तनाव को कम करते हैं, हमारी स्मरण भक्ति को बढाते हैं, विश्व के अलग–अलग देशों में अपनाया जा रहा है। ऐसे में भारत हमारी ज्ञान परंपरा के कारण पूरे विश्व में एक शक्तिशाली देश बनकर उभर रहा है। और साथ ही इस महामारी में हमारे ऋषियों और मुनियों द्वारा बताया गया योग व साधना कारगर साबित हो रहा है। पूरा विश्व इस महामारी से बचने के लिए योग को योगा के रूप में प्रणायाम, आलोम–विलोम कर अपने आप को बचाने में लगा है। हमारे ऋषि–मुनियों द्वारा बताई गई जड़ी–

बूढियाँ व अन्य औषधि व देशी नुस्खे अपनाए जा रहे हैं।

योग व साधना भारतीय ज्ञान परंपरा का हिस्सा था परंतु पाश्चात्यीकरण के कारण धीरे-धीरे व्यक्तियों द्वारा योग त्याग दिया गया। लेकिन वर्तमान समय में भारत में योगा को धीरे-धीरे अपनाया जा रहा है। और केवल भारत ने ही नहीं अपितु कई विकसित देशों में योग शिक्षा को चालू किया गया है। पूरे विश्व में स्पेशल दिनों की तरह 'योग दिवस' के रूप में मनाया जाने लगा है। योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है। बढ़ती तकनीकी और आधुनिकीकरण के चलते विज्ञान भी योग को महत्व देने लगा है। शरीर को रोगमुक्त करने के लिए बड़े-बड़े चिकित्सकों द्वारा भी योग का सहारा लिया जाता है। वर्तमान में हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेद्र मोदी जी स्वयं सुबह उठकर योग और प्राणायाम करते हैं। और योग को स्पेशल योग दिवस के रूप में मनाकर लाखों भारतीय युवाओं को योग, प्राणायाम के लिए प्रेरित किया है। विदेशो में भी योग का महत्व बढ़ रहा है। अमेरिका व कनाड़ा जैसे देशों में योग को विषय के रूप में अपनाकर यूनिर्वसिटी में चालू किया गया है।

इन सब बातों से यह सिद्ध होता है कि भारतीय ज्ञान परंपरा पूरे विश्व में सर्वश्रेष्ठ ज्ञान परंपरा है। भारतीय ज्ञान परंपरा में निहित आदर्शो को अपनाकर व्यक्ति का सम्पूर्ण विकास होता है। मन, बुद्धि, शरीर, धर्म समाज इत्यादि सभी का विकास करने में भारतीय ज्ञान परंपरा सक्षम है। प्राचीन काल में गुरूकुलों व विश्वविद्यालयों के माध्यम से शिक्षा, ज्ञान दिया जाता था। प्राचीन समय नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशीला आदि विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार शिक्षा दी जाती थी। वर्तमान में कुछ स्थलों पर ऐसे ही शिक्षा दी जाती है। उनमें मुंबई के थाना में तत्वज्ञान विद्यापीठ, हरिद्धार में अनेक पाठशालाएँ, स्वामीनारायण सम्प्रदाय के गुरूकुल, गायत्री ज्ञान मंदिर के गुरूकुल हैं, जिनमें भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुसार शिक्षा दी जाती है। हमें यदि हमारे राष्ट्र में बदलाव लाना है तो व्यक्ति का संर्वागीण विकास करना होगा, भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाना होगा। वर्तमान में भारतीय ज्ञान परंपरा को अपना लिया जाए तो भारत सम्पूर्ण विश्व में एक शक्तिशाली देश के रूप में उभर कर आएगा। हमारा राष्ट्र आत्मनिर्भर होगा। प्रत्येक व्यक्ति का विकास होगा। हमारा राष्ट्र एक बार फिर से सोने की चिड़िया कहलाएगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अल्तेकर डॉ. अनंत सदाशिव (1979-80) प्राचीन भारतीय शिक्षण पद्धति (संशोधित संस्करण) वाराणसी, नंदकिशोर एंड ब्रदर्स
2. ओमप्रकाश (1990) प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास (द्धितीय संस्करण) नई दिल्ली मैकमिलन इंडिया लिमिटेड
3. मिश्रा जयशंकर, प्राचीन भारत का सामाजिक इतिहास, बिहार हिंदी ग्रंथ अकादमी पटना, (2013)
4. काणे, डॉ. पाण्डुरंग वामन, (1960), धर्म शास्त्र का इतिहास प्रथम भाग (तृतीय संस्करण)
5. मार्गय, मनोहर गोपाल (1972), मुदाराबस, प्रथम संस्करण, इलाहाबाद, मधुलिका प्रकाशन
6. मित्तल ए.के. भारत का सामाजिक आर्थिक व सांस्कृतिक इतिहास (तृतीय संशोधित संस्करण) आगरा साहित्य भवन पब्लिकेशन।
7. डॉ. आनंद पाटिल (भारतीय ज्ञान परम्परा जनहित राष्ट्रहित की सिद्धि)
8. http://sablog.in/indian_knowledge-tradition-public-intrest-achievement-of-national-intrest-hov2019
9. ऋग्वेद
10. अथर्ववेद
11. बृहदारण्यक उपनिषद
12. कठोपनिषद्
13. कठ और ईश उपनिषद
14. छांदोग्य उपनिषद

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

A Study on Effect of Yoga on Physical Fitness

Ashwini Kumar* Dr. G.S. Chouhan**

***Research Scholar, B.N. University, Udaipur (Raj.) INDIA**
** **Associate Professor, B.N. University, Udaipur (Raj.) INDIA**

Introduction of Yoga - Everybody knows what yoga is, don't they? That stuff the movie stars are doing nowadays to keep themselves thin? Maybe, but its not what they call it that's important; its what they are actually doing that tells us whether it is yoga or not.

Physical jerks at the gym? The more they are smooth and easy, the more they may approach true yoga practices. But many are just aerobic series using yoga postures as their form, and because of their quick extreme stretching with bouncing ballistic movements they are not yoga. "No pain no gain". This may be a fundamental rule of the sport of masochism, but it has no place in yoga.

Corporate stress release? Yoga has been proved to be a beneficial stress relieving system, and can be used by anyone right in the middle of a stressful situation close but only a small part of it.

Impact of yoga on Fitness - Yoga can directly address a multitude of physical and mental ailments in terms of restoration, prevention and maintenance, and since good health is the immediate priority, the subject of asanas and pranayama exercises. Asana in Sanskrit means a steady comfortable or composed posture. These postures have been devised with the specific aim to nourish and activate the organs and their functions in their locations in different parts of the body, as well as the connective tissues, ligaments and joints, synovial fluid and the pranic body, to treat the system as a whole. The initial goal is to improve the functioning of the internal organs of the body, loosen up the joints, stretch and tone the muscles and improve the condition of the connective tissues and ligaments.

However, the main aim of asanas, according to advanced yogis, is to aspire and acquire a state of higher consciousness by initially eliminating all aches and pains and disease, alleviating mental stress and physical tension. This is achieved by influencing the three aspects of your being body, mind and consciousness and aligning them to be in harmony. Asanas can run into several hundreds in number, though about one hundred are perhaps better known today. There are two types of asanas the therapeutic preventive and the meditative.

Meditative asanas are basically sitting poses. There are eight meditative asanas, of which three most preferred. These are padmasana, siddhasana and siddha yoni asana. The highlights of these poses are that they:

1. Provide a firm base to ensure a stable position.
2. Ensure an upright position of the spine without much effort.
3. Distribute the weight of the body over a wider area, thus reducing the pressure on the buttocks and
4. Redirect the blood supply towards the pelvic and abdominal area as they reduce flow into the legs in these postures, thereby toning up the muscles, organs and nerves in the area.

Therapeutic preventive asanas are of two main types: the general category taught to most people, with the exception of those vulnerable to contra indications of the exercise, if any; and specific or restorative asanas taught to special individuals with the aid of props such as weights, ropes, pulleys, etc, to rectify imbalances and conditions and thereby assist the individual in completing the stretch to arrive at the required posture for a certain duration of time. Such asanas are classified into four types, each with its own salient features:

1. Standing poses
2. Bending and twisting movements
3. Inversions
4. Sitting postures

Procedure: For This Study Sixty male badminton players (n=60) from Delhi State were selected randomly as sample by employing Fishers Random Table sampling technique. The subjects' age group was ranging from 14 –18 years. All the participants were examined by the medical officer before start of the experiment. Those who were medically fit were allowed to participate in the study.

Making the use of table random numbers all the 60 participants were divided randomly into two groups (Table 3.1) viz., Group –A (Yoga + Badminton practice) and Group – B (Control i.e., only Badminton practice). The experiment was conducted in following three stages.

1. Stage – I: Pretest
2. Stage – II: Training or Treatment, and
3. Stage – III: Post test

Pre – Test (phase – I): As the purpose of the study was see the efficacy of yoga on fitness required for badminton players, all the subjects of the experimental and control groups were exposed to fitness tests to record the pre test data.

Treatment stimuli (phase – II): After the pre test was over, all the subjects of Group A were exposed to a practice of badminton followed by yoga training and Group B participated in the practice of badminton. This indicates that the subjects of both the groups were participated in badminton training, which is common. This common badminton training was imparted for both the groups 30 minutes daily in the evening except Sundays and holidays. However, after completion of 30 minutes training in badminton, Group A underwent training in yoga practices for 30 minutes, whereas Group B was engaged in some recreational activities for 30 minutes.

For total period of 12-week one yoga teacher and one badminton expert were also given responsibility to organize daily training programmes of the respective stimuli under the over all supervision of the present investigator.

Post test (phase III): Finally, when the treatment or training period of 12 week was over, the post test on fitness tests were assessed for all the subject of two groups.

A completely randomized group design (Rothstein, 1985) of two groups of equal numbers was adopted for this study. The score in each criterion measure were taken at the baseline and after the training period of 12 weeks.

Blue print of subjects' distribution

Group	No. of Subject
Gr. A– Yoga & Badminton training	30
Gr. B –Control	30
Total	**60**

Statistical Procedure: The descriptive statistics of the data have been presented in For Flexibility (Sit & reach test; A1), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 31.94 (SD= ±7.46) and 31.53 (SD= ±5.84) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Flexibility test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test performance scores (data) of the Yoga group and Control groups were 35.12 (SD= ±5.31) and 30.95 (SD= ±5.23) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Flexibility of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Arm Strength (Pull up test; A2), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 7.57 (SD= ±2.49) and 7.33 (SD= ±2.22) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Arm Strength test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test performance scores (data) of the Yoga group and Control groups were 10.30 (SD= ±2.38) and 7.30 (SD= ±2.23) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Arm Strength of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Leg Strength (Vertical jump test; A3), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 47.60 (SD= ±6.03) and 47.50 (SD= ±5.91) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Leg Strength test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test performance scores (data) of the Yoga group and Control groups were 54.47 (SD= ±6.34) and 47.90 (SD= ±5.65) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Leg Strength of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Abdominal Muscles Strength (Sit up test; A4), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 28.13 (SD= ±5.29) and 27.83 (SD= ±4.65) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Abdominal Muscles Strength test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test status of the Yoga group and Control groups were 33.93 (SD= ±6.13) and 27.10 (SD= ±4.79) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Abdominal Muscles Strength of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Speed (Sprint time over 20 meter test; A5), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 8.57 (SD= ±1.13) and 8.46 (SD= ±1.82) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Speed test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test scores (data) of the Yoga group and Control groups were 6.45 (SD= ±2.20) and 8.56 (SD= ±2.13) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Abdominal Muscles Strength of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Agility (Shuttle run test; A6), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 17.59 (SD= ±1.22) and 17.24 (SD=±1.41) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Agility test of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test scores (data) of the Yoga group and Control groups were
16.55 (SD= ±1.10) and 17.41 (SD= ±1.25) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Agility of both the Yoga and the Control group were not similar.

For Aerobic Fitness (1 mile run test; A7), shows that the baseline values (data) of the Yoga group and Control group were 8.18 (SD= ±1.06) and 8.51 (SD= ±1.13) respectively. The results helps to interpret that the mean values in Aerobic Fitness of yoga group and control group were almost similar.

However, post-test scores (data) of the Yoga group and Control groups were 6.56 (SD= ±1.09) and 8.57 (SD= ±1.33) respectively. This result helps to interpret that the post-test means in Aerobic fitness of both the Yoga and the Control group were not similar.

Central Tendency and Dispersion of the Groups in Physical Fitness Tests Required for Badminton Players (See below)

Thus, the information, as obtained from the measures of central tendency and dispersion, as given in indicates that the yoga training provided to the experimental group may have significant effect in enhancing physical fitness needed for Badminton players. Of note, from the central tendency and dispersion, it is cannot be concluded that training intervention might have improved physical fitness of Badminton players.

References :-

1. Admin. (2011). Basic tips for new badminton players available from file :// H:/*congshalm.htm*.
2. Anderson, Carolyn. (1974) *The use of a tutoring program for emotionally disturbed children as a vehicle for attitude change in predelinquent adolescent tutors.* (M. S. in Health Science). Brigham Young University, Provo, Utah.
3. Bynum, Lynne Joy.(1959). *Identifying the mental health problems of selected college students*. (Unpublished Masters thesis). University of California, Los Angeles 24, California.
4. Cabello, D., Manrique, J., & Gonzalez-Badillo, J. (2003). Analysis of the characteristics of competitive badminton. *Br J Sports Med, 37*, 62–66.
5. Price, Sandra. (1974). *The effects of weight training on strength, endurance, girth, and body composition in college women.* (M. S. in Physical Education). Brigham Young University, Provo, Utah.
6. Ray, U. S., Hegde, K. S., & Selvamurthy, W. (1986). Improvement in muscular efficiency as related to a standard task after yogic exercises in middle aged men. *Indian J Med Res., 83*, 343–348.

Central Tendency and Dispersion of the Groups in Physical Fitness Tests Required for Badminton Players

Variables (A)	Groups			
	YogaGroup (B)		ControlGroup (C)	
	Pre-test	Post-test	Pre-test	Post-test
Flexibility (Cms.) (A1)	31.94(±7.46)	35.12(±5.31)	31.53(±5.84)	30.95(±5.23)
Arm Strength (No./min)(A2)	7.57(±2.49)	10.30(±2.38)	7.33(±2.22)	7.30(±2.23)
Leg Strength (Cms.) (A3)	47.60(±6.03)	54.47(±6.34)	47.50(±5.91)	47.90(±5.65)
Abdominal Muscles Strength (No./min) (A4)	28.13(±5.29)	33.93(±6.13)	27.83(±4.65)	27.10(±4.79)
Speed (Sec.) (A5)	8.57(±1.13)	6.45(±2.20)	8.46(±1.82)	8.56(±2.13)
Agility (Sec.) (A6)	17.59(±1.22)	16.55(±1.10)	17.24(±1.41)	17.41(±1.25)
Aerobic Fitness (Min.Sec.) (A7)	8.18(±1.06)	6.56(±1.09)	8.51(±1.31)	8.57(±1.33)

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Analytical Study on Job of Physical Education Teachers

Manu Vats* Dr. B.S. Chouhan**

*Research Scholar, B.N. University, Udaipur (Raj.) INDIA
** Dean, B.N. University, Udaipur (Raj.) INDIA

Introduction - "Physical education an integral part of the total education process is a field of endeavor that has an its aim the development of physically, mentally, emotionally and socially fit citizens through the medium of physical activities that have been selected with a view to realizing these out comes.

"Physical is the interaction of persons and social group with certain in view for the development of persons and the welfare of society through the medium of psychomotor activity.

"Physical education on essential aspect of general education in which physical activities are used as a mean of educating and modifying a person for better and fuller living.

"Physical education is a profession, discipline and program of activity. (Govt. of India) 1964.

"Physical education is a process by which changes in the individual are brought about through movement experiences.

Long fitness habits through skills development and term play is provided to develop attitudes of fairness, co-operation and sportsmanship.

Job satisfaction has been considered as a balance between an employee's desire and what he is actually offering in Job. Various factors are believed to influence job satisfaction i.e. degree of fulfillment in work, quality of environment, relationship with higher authorities, opportunity for promotion, opportunities to be a part of decision-making and other service benefits. Job Satisfaction refers to the fulfillment acquired by experiencing various rewards and job activities in his Job.

Significance of the A Study:

1. The present Study will help to find out the contributory component of stress and job satisfaction.
2. The present Study may throw light on the relationship between the job satisfaction and Stress of physical education teachers.

Thakur investigated the significance of difference between the means of Stress and job satisfaction and also to determine the relationship between the scores of Stress and job satisfaction of physical education teachers working in different management schools of Madhya Pradesh. Out of 45 districts of Madhya Pradesh 20 districts were selected at random, using lottery method. The Stress and job satisfaction scales were administered to all the schools situated in the selected districts and the research scholar received only 494 returns. Out of 494 subjects, 210 teachers were from government schools, 179 from private schools and 105 were from semi government schools. After getting responses from the subjects, the scoring was done on the basis of key provided by Paliwal and Muthyya in their Manuals of the questionnaires. The scores obtained in both the questionnaires by the subjects were considered as criterion measures, and the single group design was adopted. Analysis of Variance (F-ratio) and The Pearson's Product Moment Co-relation were used as statistical tools.

The purpose of the A Study has been to Study the Study of Job Satisfaction and stress of physical education techers of delhi state. The statistical analysis of data collected on 400 physical education teachers belonging to Delhi State Government School and Non Government schools have been presented in this chapter. The data was collected for Job satisfaction and Stress. Factor analysis: Principal components analysis was used to indicate which questions examined similar aspects for each component/ factor. The data's have been analyzed by using SPSS (version 20) and AMOS software. Suitable statistical techniques were applied to analyze the data.

Objective: To determine which of the items of Job satisfaction shows similar aspects for each component.

Table : Exploratory Factor Analysis of General working condition

Working condition	Communalities Extraction of all the statements	Communalities of selected items
ST. 1. Hours worked each week	.879	.879
ST. 2. Flexibility in scheduling	.664	.667
ST. 3. Location of work	.798	.803
ST. 4. Amount of paid	.016	

vacation time/sick leave offered		
% of Variance Explained	58.960	78.297
Cronbach's Alpha	.673	.860

Second column of above table shows the communalities of all the statements but only those statements were selected whose values where more than 0.45. In the third column the communalities value of the items whose values were more than 0.45 were once again analyzed. Eleventh row explained the total variance of all the items .673% with cronbach alpha of .673 but for the selected items total variance explained was 78.297% with a cronbach alpha of .860

Analysis of variance shows that variability exists in respect of STRESS and job satisfaction of PET s because the obtained values are significant at 0.05 level of significance. Posthoc Test Scheffe s test revealed that the teachers working at private schools had more stress than the teachers of semi government schools. The teachers of semi government schools also had more Stress than the teachers of government schools. The analysis of data also revealed that the teachers of private schools are more dissatisfied than the teachers working in semi government schools and government schools. The teachers working in semi government schools had high dissatisfaction than the teachers of government schools. The co-efficient and co-relation of score showed that there was a significant relationship between the scores of Stress and job satisfaction test scales.

Table (see below)

Table reveals that the mean score of all the physical education teachers in totality or from Government and Non-Government were slightly satisfied with their opportunities for promotion, benefits and with their job securities. There was no significant difference between the mean response between the Government and Non-Government physical education teachers.

References :-

1. Bucher , Charles A. and Eveyn M. Reade, Physical Education and Health in the Elementary School (New York: The Macmillan Company, 1994)
2. Cranwell-Ward,J., & Abbey A (2005). Organizational Stress.Basingstoke: Palgrave Macmillan
3. Edward F. Voltoner, Arthour A, Esslinger, Belly Foster Mccue and Kenneth G. Tillman, **The Organisation and Administration of Physical Education**. (Englewood Cliffs; N.J. Prenticd Hall, 1979)
4. Edward F. Voltoner, Author A. Essinger, Betty Foster Mc Cue and Kenneth G. Tillman, The Organisation and Prectice Hall, 1979) p.98
5. Gardener , E.N., **Greek Athletic Sports and Festivals** , London: Macomillan and Co. Ltd., 1910
6. Richard T PENSON, Lari B WENZEL, Ignace VERGOTE and David CELLA, "Quality of Life Considerations in Gynecologic Cancer", **International Journal of Gynecology & Obstetrics**, (2006) S247-S257
7. Siau, Jessie, Ganz, Patricia A., Lee and J. Jack, "Quality of life assessment: an independent prognostic variable for survival in lung cancer", **Journal of Clinical Oncology**, (2005), 591-598

Table: Mean and standard deviation and mean comparison of dimension of Job Satisfaction (Pay and Promotion Potential) between Delhi Government and Non-Government of secondary educations teachers of physical education

Pay and Promotion Potential	Schools	Mean	Std.Deviation	"t" value (df=398)Tab."t" =1.96
JS.6.Opportunities for Promotion	Government	2.31	1.737	1.475
	Non-Goverment	2.56	1.721	
	All	2.43	1.731	
JS.7.Benefits (Health insurance, life insurance, etc.)	Government	2.38	1.673	.831
	Non-Goverment	2.52	1.695	
	All	2.45	1.683	
JS.8. Job Security	Government	2.38	1.797	.511
	Non-Goverment	2.47	1.722	
	All	2.42	1.758	

1. Not at all satisfied, 2. Slightly satisfied, 3. Somewhat satisfied, 4. Much satisfied,5. Extremely satisfied

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

प्राचीन काल में काशी की धार्मिक स्थिति

डॉ. सुमित मेहता*

* सहायक आचार्य, राजकीय कला महाविद्यालय, सीकर (राज.) भारत

'अन्तराल' उपन्यास में सिन्दूरी श्यामा की नौकरानी है जो बोड़ी मनचली है। श्यामा के कहने पर कि मेहमान दशहरा देखने आ रहे हैं। यह खोद-खोद कर उसके बारे में प्रश्न करती है कि वह अतिथि अकेला है या वह पति-पत्नी

है। सिन्दूरी श्यामा से कहती है कि आपने पहले तो उनका कभी जिक्र किया ही नहीं था। इससे यह पता चलता है कि सिन्दूरी निम्नवर्ग अशिक्षित नारी है।

'अन्तराल' उपन्यास में देव व सीमा की माँ व श्यामा की सास बीजी है। जीजी अशिक्षित नारी होने के कारण आर्थिक रूप से दूसरों पर आश्रित रही है। बीजी के माध्यम से ही उपन्यास में श्यामा और सीमा के व्यक्तित्व सामने है। है। बीजी नये युग में संस्कारों की, पुराने मूल्यों की औरत है जिन्हें अनचाहे ही बहुत कुछ स्वीकारना पड़ता है।

मोहन राकेश की कहानियों में भी अशिक्षित नारी के दर्शन होते हैं।

'अपरिचित' कहानी में एक स्त्री अपने आपको अशिक्षित समझती है। वह स्त्री बात-बात पर सोचती ही रहती है। वह खुद को समाज में अपरिचित अनुभव करती है, वह स्वयं हीन भावना से ग्रस्त है। वह एक विपरीत मानसिकता से युक्त नारी है, जो स्वयं को मूर्ख, जाहिल, बातूनी और मनहूस समझती है।

'सुहागिने' कहानी में काशी अशिक्षित नारी है। इस कहानी में काशी की भी निजी कहानी है। उसके पति इसके रहते हुए दूसरी औरत बाहर रख ली है। काशी मनोरमा की नौकरानी है। अशिक्षित होने के कारण यह दूसरे जगह तो काम कर नहीं पायेगी। इसीलिए नौकरानी का काम करके बच्चों का पेट भरती है। वह मनोरमा को कहती है 'बहनजी, आपके जीती नजर न आती।'[7] नारी है। इन बच्चों को पालना न होता, तो मैं आज काशी पुरुष के अत्याचार की शिकार, विवश 'चौगान' कहानी में सन्तो अशिक्षित नारी है। सन्तो सत्रह वर्षीय नौकरानी की बेटी और इस कहानी की प्रमुख स्त्री पात्र है। तीन बच्चों के पिता साहब विल्सन अपनी रिक्तता भरने के लिए सन्तो से विवाह करते हैं। सन्तो विवाह का मतलब नहीं जानती थी। तभी उसका विवाह हो गया। अभी तो उसका बचपना नहीं गया। विल्सन सन्तो के बचपने या गंदी हरकत से तंग आकर उसे डांटते हैं कि 'तुम्हें मैं तुम्हारी माँ के पास भेज दूँ?' वह फिर झल्ला उठता। सन्तो डरकर सिर हिलाती, 'नहीं'।

'तुम्हारी ये गन्दी आदतें कभी छूटेगी भी?'
यह सिर हिलाती, ष्क्यों छूटेंगी?
'कब छूटेगी?'
'कल से छूट जायेंगी।'[8]

'कम्बल' कहानी में बनारसी अशिक्षित नारी है। बुढ़े रामसरन की युवा बेटी बनारसी, जो इस कहानी की प्रमख नारी पात्र है बनारसी गरीबी की व लाचारी से जिन्दगी गुजारा करती है। विवशता, विपन्नता को प्रकट करती, यथार्थ के वास्तविक धरातल पर जीवन को उभारती है। लोग बनारसी की विपत्ति का अनुचित लाभ उठाना चाहते हैं, सीटियाँ बजती है, उसके शरीर पर कम्बल गिरता है।

'हकहलाल' कहानी में पण्डित की पहली पत्नी अशिक्षित जारी है। इस कहानी में चालीत साल के पण्डित की पत्नी उससे आयु में काफी छोटी है, यह घर से भाग जाती है, परन्तु जब वह लौटती है तो उसका पिता उसे खूब पीटता है, वह चुपचाप मार खाती रहती है। पत्नी के माध्यम से पहाड़ों के गरीब समाज में नाटी की दयनीय और विवश स्थिति सामने आती है। अशिक्षित होने के कारण नाटी को ऐसी दयनीय अवस्या को झेलना पड़ता है। पण्डित की दूसरी पत्नी की अवल्या भी यही है। दोनों बहनें अशिक्षित और गरीब होने के कारण सब कुछ सहनी है जैसे इस समाज में नारी केवल शरीर के भोग के लिए है।

इस प्रकार मोहन राकेश के कथा-साहित्य में चित्रित अशिक्षित नारी अत्यन्त दीन और अधिकार वंचित है, वह पूर्णतया पुरुष पर आश्रित और विवश है। इसलिए पग-पग पर शोषित होती है।

आधुनिक कामकाजी नारी- आधुनिक महानगरीय समाज में नारी की स्थिति में अनेक परिवर्तन आए हैं। आज के नारी समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पुरुषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर काम कर रही है। नारी को इस स्थिति में पहुंचने के लिए काफी टूटना भी पड़ा है। एक कामकाजी नारी को दिन भर नौकरी की परेशानियाँ झेलनी पड़ती है उसके बाद घर में आकर अनेक पारिवारिक दायित्व भी निभाने पड़ते हैं। परिवार के सभी सदस्यों की उनसे अनेक अपेक्षायें होती है। किन्तु उनकी अपेक्षाओं और आकांक्षाओं का ध्यान रखने वाला कोई नहीं होता। विवाह से पहले वह अपने परिवार के लिए परिश्रम करती है और विवाह के बाद पति के परिवार को संतुष्ट करने के लिए उसे तिल-तिल जलना पड़ता है। सभी जगहों पर उन्हें मानसिक तनाव सहना पड़ता है। भावात्मक और संवेदनात्मक स्तर पर प्रतिदिन संघर्ष करना पड़ता है। कामकाजी महिला को पुरुष प्रधान समाज में पुरुष की कामदृष्टि, व्यंग्य बाण,कटाक्ष तथा शरीर को क्रय करने तक के प्रस्ताव को सहना पड़ता है। पुरुषों को नाराज करने की मजबूरी के कारण उसे यह सब हँसते-हँसते झेलना पड़ता है।

मध्यवर्गीय परिवारों में विभिन्न प्रकार रुढ़ियों और नैतिक मान्यताओं के बावजूद नारी अनेक क्षेत्रों में कार्य करती है। विवाह से पूर्व जारी अपनी आर्थिक सहायता के लिए नौकरी करती है। आज के समाज में स्त्री का कामकाजी होना विवाह के लिए आवश्यक माना जाता है। आज के मानव को भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक धन की आवश्यकता होती है। इस कारण अधिकांश मध्यवर्गीय स्त्रियाँ नौकरी करने के लिए बाध्य हो जाते है।

महानगरों में कामकाजी नारियों की और भी कुछ आवश्यकताएँ होती है। आज के कया-साहित्य में महानगरीय कामकाजी नारी के सामाजिक, मनोवैज्ञानिक एवं व्यक्तिगत पक्षों का सुन्दर चित्रण हुआ है। महानगरीय नारियों को अपनी नौकरी के साथ-साथ पारिवारिक दायित्वों को भी पूर्ण करना पड़ता है। महानगरी में बढ़ती प्रदर्शन पूर्ण जीवन शैली के कारण कामकाजी नारियों की संख्या बढ़ती जा रही है।

मोहन राकेश ने अपने कथा-साहित्य में कामकाजी नारियों का घर और बाहर का जीवन, उनकी मनोवैज्ञानिक स्थिति का वर्णन बहुत ही सूक्ष्मता के साथ किया है। उनके कथा-साहित्य में नौकरी पेशा नारियों की समस्याओं का बहुआयामी संदर्भ दृष्टिगोचर होता है।

'अंधेरे बन्द कमरे' की सुषमा श्रीवास्तव एक आधुनिक कामकाजी नारी है। सुषमा 'इस उपन्यास का सबसे लुभावना व्यक्तित्व है। घटनाओं और स्थितियों की आवृत्ति और पुनरावृत्ति के बीच एक सर्वथा नया प्रसंग है। सुषमा से अच्छा प्रतीक आधुनिकता का और क्या हो सकता है।'[9] यह पेशे से पत्रकार है एवं अत्यधिक जीवंत व आकर्षक व्यक्तित्व की स्वामिनी है। वह अपने आकर्षण में बहुत समय तक मधुसूदन को बांधे रहती है। वह यह अच्छी तरह जानती है कि अपने मनभावों तथा सपनों की पूर्ति के लिए कब किस तरह के साधनों का सहारा लेना आवश्यक है। उसने दुनियाँ देखी है जिन्दगी का उसको काफी अनुभव है। वह बुद्धि से प्रखर और व्यवहार से उन्मुक्त है। 'सुषमा सर्वथा आत्मसजग, आत्मनिष्ठ आधुनिक स्त्री है, वह स्पष्ट जानती है कि वह क्या चाहती है और उसे पाने के लिए सचेष्ट प्रयत्न करती है, चाहे

फिर उसमें सफल नहीं होती।'[10] उसे खाने, पहनने, घूमने और अच्छा संगीत सुनने का शौक है। उसकी जीवन जीने की शैली अपनी है, किन्तु उसमें दुहरापन नहीं है। उसे होम ब्रेकर के रूप में जाना जाता है। किन्तु उसका चरित्र ऐसा नहीं है। वह मधुसूदन पर पूर्णत: आसक्त है। मधुसूदन इन बातों का विश्वास नहीं करता है। उसे सुषमा पर विश्वास है कि वह घर तोड़ना नहीं, जोड़ना जानती है। 'सुषमा मधुसूदन पर आसक्त है। उसकी आसक्ति और अनुराग भावना का उल्लेख उपन्यास में अनेक स्थलों पर संकेतित है। 'लाबोहीम में मिलते समय तो वह खासी बेतकल्लुफ और रोमांटिक हो गयी।'[11]

सुषमा मधुसूदन से प्रेम करती है, उससे विवाह कर एक छोटा-सा घर चाहती है, जिसमें सुख हो- 'मैं अपने लिये सुख चाहती हूँ, सुख जो एक छोटे-से घर में ही मिल सकता है, जहाँ मैं एक छोटा-सा बाग लगा सकूँ और एक-एक पौधे को सींचकर बड़ा कर सकूँ।'[12] डॉ. पिंपलापुरे ने लिखा है - 'बाहर से आधुनिक दिखने वाली इस नारी सुषमा के भीतर एक और सुषमा है। वह एक सजग पत्रकार है, जो दुनिया की घटनाओं के संपर्क में है, पर वह एक नारी भी है।'[13] सुषमा की, विवाह कर पूर्ण नारी बनने की कामना पूरी नहीं होती। आधुनिक कामकाजी नारी होने के कारण वह आर्थिक रूप से पूर्ण स्वतंत्र है। डॉ. जाधव ने इस संबंध में लिखा 'वह स्वतंत्र है, आर्थिक रूप से स्वावलंबी है- आत्मरक्षा के उपाय जानती है, पर इन सबके बावजूद यह निपट अकेली है।'[14]

सुषमा के चरित्र में आधुनिकता की चमक-दमक, आत्मकेन्द्रिता, विलास और अकेलापन सभी कुछ है। उसके व्यवहार में खुलापन है और विचारों में मुक्तता एवं स्वच्छन्दता है। इसलिए उसके चरित्र को आधुनिक कामकाजी नारी का सर्वाधिक लुभावना प्रतीक माना जा सकता।

'न आने वाला कल' उपन्यास में बानी की कुआँरी मेट्रन है। बानी के माध्यम से मोहन राकेश ने आधुनिक कामकाजी निरी को दर्शाया है। बानी अपने विचारों और क्रियाकलापों की दृष्टि से सबसे अधिक आधुनिक और उन्मुक्त नारी है। बानी इस उपन्यास की महत्वपूर्ण पात्र है। शोभा के चले जाने पर मनोज बानी की ओर आकृष्ट होता है और अपनी रिक्तता को भरना चाहता है। डॉ. पिंपलापुरे ने लिखा है 'बानी एक आधुनिक नारी है स्वच्छंद, बेफिक्र।'[15]

वह आजाद जीवन पसन्द करती है। बानी निड़र है, वह चिन्ता करके अपने को परेशान नहीं करना चाहती है कि लोग उसके विषय में क्या सोचते हैं। यह सबका भीतरी इतिहास जानती है। वह जब भी जहाँ भी जाती, बातचीत करती तो लोगों को निमन्त्रण सा देती हुई प्रतीत होती और अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश करती। मनोज के साथ बाजी की निकटता नाटक वाली रात में होती है। बानी डाइनिंग हाल में मनोज के बराबर वाली सीट पर बैठ जाती है और उसे अपने घुटने का संस्पर्श देती है। 'सड़क' खण्ड में बानी का चरित्र खुलता है। वह जितनी तेजी से मनोज के पास आती है, उतनी ही तेजी से मनोज के पास से लौट भी जाती है। वह सेवाय में मनोज की प्रतीक्षा करती है, मनोज के यहाँ पहुँचने में थोड़ी देर हो जाती है तो वह कहती है कि ज्यादा देर तक मैं किसी की इंतजार नहीं करती। बानी खुली जगह चाहती है और होटल से बाहर निकलती है। रात के सवा नौ बजे हैं परन्तु वह बेफिक्र है। वह सड़क पर मनोज के साथ बातचीत करती है जिससे उसके व्यक्तित्व की परतें खुलती है। बानी के स्वभाव में खुलापन है वह एक अकुण्ठित नारी के रूप में उपन्यास में आती है। डॉ. जाधव का विचार है- ष्समग्र उपन्यास की यह एक ऐसी पात्र है, जो अपने विचारों, विश्वासों एवं बेबाकी के कारण बिल्कुल यथार्थ लगती है तथा हमारे मन पर गहरी छाप छोड़ पाती है।'[16]

जेन व्हिसलर' हेडमास्तर टोनी व्हिसलर की पत्नी है। मिसेज व्हिसलर अपने पति के स्कूल में ही नौकरी करती है। टोनी व्हिसलर जितना कठोर है, उससे उसकी पत्नी भिन्न है। यह खुली, खुशमिजाज और मिलनसार नारी है। इस स्वभाव से जेन व्हिसलर आधुनिक कामकाजी नारी का परिचय को दर्शाती है। मिसेज व्हिसलर खूब खुलकर हँसती है और सबको हँसाती है। वह उपन्यास में थोड़े समय के लिए आती है, पर अपने मृदुल स्वभाव का प्रभाव डालती है। जेन की व्यावहारिकता और सहृदय वृत्तियों के कारण ही उसे विद्यार्थी तक पसंद करते हैं। कहने की आवश्यकता नहीं है कि 'जेन' अपनी मुक्त मनस्थिति में बेपर्द और बेलाग नारी है। उसका व्यक्तित्व न केवल प्रभावी और लोकप्रिय है, वरन् अपने सभी सहयोगियों के बीच उसकी स्वभावगत कोमलता व वैवारिकता उसे जीवित व्यक्तित्व प्रदान करती है।

'रोज' जिमी की पत्नी है। रोज भी आधुनिक कामकाजी नारी है। वह भी स्कूल में काम करती है। प्रकृति ने उसे आकर्षक और सुन्दर व्यक्तित्व दिया है। लेकिन रोज अपने पति के समझौतावादी स्वभाव से बहुत त्रस्त है। मिसेज रोज स्कूल में अधिक रूचि नहीं लेती और न वह ज्यादा किसी के पास आती जाती है। वह हैडमास्टर व्हिसलर की गुलामी करना नहीं चाहती। अपने पति जिमी के कहने पर वह अनमने भाव से नाटक में अभिनय करती है। रोज का व्यक्तित्व उपन्यास में 'नाटक' खण्ड के माध्यम से स्पष्ट होता है। जिमी बताता है कि रोज की बहुत दिनों से यह इच्छा थी कि हम यह नाटक खेलें। स्कूल में नाटक बाद डिनर का आयोजन है जहाँ रोज कुछ देर से पहुँचती है। आज यह कुछ बदली हुई सी है, अन्यमनस्क, जबकि पहले ऐसा नहीं था। रोज का अपना एक व्यक्तित्व है जो अभिजात्य पूर्ण है। जिसमें वह अलग से दिखाई देती है। वह बातचीत में कम-से-कम शब्दों का इस्तेमाल करती है नाइस, थैंकस, आफूल, नो, यस, गुड जैसे शब्दों से काम चला लेती हैं। 'रोज के प्रभावशाली व्यक्तित्व से लोग जाने-अनजाने चाहे अनचाहे प्रभावित हुए बिना नहीं रहते। वह अपने को सबसे ऊपर समझती है। सत्रांत के वार्षिक नाटक के बाद की डिनर पार्टी में उसके बयान की स्पष्टता एवं तीक्ष्णता अपने साथ-साथ जिमी और पूरे स्कूल के आडंबरमय जीवन को जैसे चीर-फाड़कर रख देती है। उसमें यह स्पष्टता एवं पैनापन इसीलिए है कि स्वयं के लिए रोज में एक वरीयता की अनुभूति है।'[17]

'मिसेज पार्कर' आधुनिक कामकाजी नारी है। वह एक स्कूल टीचर है। वह एक ऐसी वृद्ध महिला है जो जीवन-संसार और उसके सुंदर असुंदर कार्यों से पूरी तरह ऊब चुकी हैय मिसेज पार्कर अपने पति से सन्तुष्ट नहीं दिखाई देती हैं और अपने घर लन्दन लौट जाना चाहती हैं। मिसेज पार्कर भारत में रहकर भी विलायत में है। मिसेज पार्कर ऐसी महिला है जो हमेशा थकी रहती है। 'यों मिसेज पार्कर जिन्दगी और उसके प्रत्येक क्रिया-कलाप से पूरी तौर पर ऊबी हुई है और एक बोझा-सा ढो रही है लेकिन इतने पर भी उसके पास अपना एक 'बचाव' है जिसके चरितार्थ होने पर, वह सोचती है, उसकी सारी ऊब, सारा संकट और सारी वितृष्णा समाप्त हो जायेगी। और यह बचाव है परिस्थितियों के अनुकूल होते ही उसका वापस 'होम' लंदन चला जाना।'[18]

'अन्तराल' उपन्यास में 'श्यामा' प्रमुख पात्र है। श्यामा आधुनिक कामकाजी नारी है। श्यामा मण्डी के हाई स्कूल में हेडमिस्ट्रेश बनती है और यहाँ से मुक्ति पाने के लिए ही एम.ए. करना चाहती है। श्यामा जब तीन साल की थी, तभी उसकी माँ की मृत्यु हो गयी थी। बचपन से मिला अकेलेपन का

भार उपन्यास के प्रारम्भ से अन्त तक श्यामा में रहता है और उसके व्यक्तित्व में इस अकेलेपन को स्पष्ट देखा जा सकता है। पति देव की मृत्यु उसके अकेलेपन को और बढ़ा देती है। श्यामा विधवा होने पर भी बिंदी, लिपस्टिक लगाती है, अपनी पुत्री के साथ घर से दूर अकेली रहकर नौकरी करती है। वह कुमार को अपने अतीत के बारे में जो बताती है उससे श्यामा एक अत्यन्त साहसी जिम्मेदार और कर्मठ युवती ही प्रमाणित होती है।

श्यामा दोहरे एवं विभाजित चरित्र की स्त्री भी है और अपनी इसी विशिष्टता के कारण यह कहीं भी स्वयं की निश्चित या निश्चित संगति नहीं बैठा पाती। देव, कुमार, बीजी, सीमा और बेबी तथा स्वयं उसके जीवन की मानों चार दीवारें है। वह चहती है कि इसके बीच शांत और आश्वस्त होकर रहे, किन्तु तमाम प्रयत्नों के बाद भी पाती है कि लोग, परिस्थितियाँ या वह स्वयं है कारण रूप में कि संगति नहीं बैठ पाती। वह अनुभव करती है कि 'आज तक किसी ने भी मन से उसकी निर्भरता महसूस नहीं की.... स्वयं वह भी अपने में किसी की वैसी निर्भरता महसूस नहीं कर पायी।'[19]

'सीमा' देव की बहन और श्यामा की ननद है। सीमा की अपनी जिन्दगी है, जिसमें उसे किसी का भी हस्तेक्षेप पसन्द नहीं है। वह देर रात तक घर लौटती है, शराब पीकर। सीमा अपने आप को और अपने किसी भी रूप को छिपाकर रखने में विश्वास नहीं करती है। वह एक अविवाहित युवा स्त्री है जो टेलीफोन एक्सचेंज में नौकरी करती है और आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर है। सीमा का चरित्र उस पढ़ी-लिखी बुद्धिजीवी आधुनिक युवा स्त्री का चरित्र है जो आर्थिक स्वतंत्रता या आत्मनिर्भरता प्राप्त कर पारम्परिक विचारों, संस्कारों तथा सदियों का त्याग कर जीवन के भौतिक सुखोपभोग को सर्वस्व मानकर उसी में लीन तथा उसी की प्राप्ति हेतु प्रयत्नशील रहती है। यह एक सुन्दर और स्मार्ट नवयुवती है तथा उसे अपने रूप-सौन्दर्य पर गर्व है। डॉ. जाधव ने सीमा के संबंध में लिखा है - 'सीमा एक ऐसी लड़की है, जो पूर्णत: बाह्यवर्तती है वह भीतर न कुढ़ती है, न कसमसाती है। वह जीवन को पूर्णत: स्वीकारात्मक रूप में जीने की आदी है- उसके जीवन का अर्थ है भरपूर जीना भौतिक शरीर के संवेगों की सम्पूर्ण परितृप्ति ताकि अन्तर्मन में अपूर्ण इच्छाएँ ग्रन्थियाँ न बन जाएँ- जैसा कि श्यामा के साथ हुआ है।'[20]

संयुक्त परिवार के संस्कार और मर्यादाएँ सीमा को उस पारम्परिक रूप में कभी स्वीकार नहीं है जिसमें वे उसके व्यक्ति की स्वतंत्रता में बाधा डालते हैं। 'श्यामा जब देवी की आगे की पढ़ाई के कारण बंबई के घर में बीजी और सीमा के साथ रहने को तैयार होती है, तब घर की व्यवस्था के प्रश्न पर हुई उसकी सीमा के साथ बातचीत बहुत कुछ सीमा के खुले व्यक्तित्व का परिचय दे देती है।'[21]

सीमा का अन्तराल उपन्यास में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं है, किन्तु उसका खुला व्यक्तित्व उसे महत्वपूर्ण और लुभावना पात्र बना देता है। इस संबंध में डॉ. पिंपलापुरे लिखती है 'सीमा अन्तराल में कोई बड़ी भूमिका नहीं निभाती, जबकि श्यामा आदि से अन्त तक उपन्यास में उपस्थित है। पर राकेश का कौशल यह कि सीमा अपनी स्वच्छन्दता, बेबाकपन और खुली जिन्दगी में निडर होकर जीती है और कथानायिका श्यामा को झकझोर कर रख देती है उसकी (श्यामा) जीवन दृष्टि को गलत ठहराते हुए, उसे अपने जीवन पर पुनर्विचार के लिए उत्तोजित करती है। सीमा का अपना स्वतंत्र व्यक्तित्व है।'[22]

'एक और जिन्दगी' कहानी में 'बीना' आधुनिक कामकाजी नारी है। बीना प्रकाश की पहली पत्नी है। विवाह के कुछ महीने बाद ही वह पति से अलग होने लगी। वह प्रकाश के बराबर पढ़ी-लिखी उससे ज्यादा कमाती है। बीना स्वतन्त्रता में विश्वास रखने वाली, किसी भी परिस्थिति में अपने आपको ढालने वाली नारी है। बीना में अहंकार भी है और आत्मविश्वास भी। वह प्रकाश के सामने छोटा होना स्वीकार नहीं करती। 'वस्तुत: आज की नारी जीवन को अपने ढंग से जीना चाहती है। उसके जीवन में कुछ अपने मूल्य है जिन्हें किसी भी कीमत पर छोड़ने के लिए यह तैयार नहीं और इसी का परिणाम है तनाव की वह स्थिति जो आज की कहानियों में अनेक रूपों में अभिव्यक्त हुई है।'[23]

'अपरिचित' कहानी में 'नलिनी' कॉलेज में लेक्चरर है। अपनी आदत की वजह से वह घर में भी बहुत ज्यादा बोलती है जिसे उसका एकान्तप्रिय पति पसन्द नहीं करता। उसमें स्वयं के महत्वपूर्ण दर्जे में होने का गर्व है। इस कहानी में मोहन राकेश में नलिनी के माध्यम से यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि नलिनी आधुनिक कामकाजी नारी तो है लेकिन पूरी तरह आधुनिक नारी नहीं है। वह स्वभाविक जीवन जीना चाहती है, पर आधुनिकता और स्वाभाविकता के बीच वह मनोग्रंथियों से पीड़ित मनोविकार युक्त पीड़ित नारी बनकर रह गयी। इस कहानी में राकेश जी ने नारी के सूक्ष्म मनोभावों का विश्लेषण प्रस्तुत किया है।

'पति-पत्नी दो विभिन्न इकाईयाँ बन कर अपने-अपने हित में खोकर, अपनी व्यक्तिगत खुशियों को पूरा करने की कोशिश में एक-दूसरे को कुण्ठित करते हैं। इससे सम्बन्धों में तनाव उत्पन्न होता है।'[24]

'क्वार्टर' कहानी में 'राधा' आधुनिक कामकाजी नारी है। राधा कुटुम्ब का बोझ ढोने को मजबूर नारी के रूप में कहानी में आयी है। आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के बाद भी वह खुश नहीं है। राधा और उसके पति शंकर हमेशा तनाव में रहते हैं। इस कहानी में राधा को गौण का स्थान प्राप्त हुआ है। केन्द्र पात्र में उसका पति शंकर है। कुटुम्ब का बोझ ढोने के भी उसके अपने तनाव है। कुटुम्ब के बोझ से उसे आर्थिक कष्ट भी दे रखा है। इस कारण वह बच्चों को लेकर अपनी माँ के पास जाना चाहती है। वह हमेशा तनाव ग्रस्त रहती है। बहनों का कई-कई दिनों तक उसके घर पर टिका रहना वह सहन नहीं कर पाती 'जितने-जितने लोग आकर पड़े रहते हैं, उससे मुसाफिरखाने से कुछ कम नहीं लगता मुझे।'[25] परिणामस्वरूप वह अपने मायके जाने का फैसला कर लेती है।

'सुहागिनें' कहानी में 'मनोरमा' गर्ल्स हाईस्कूल की हेडमिस्ट्रेस है। वह आर्थिक रूप से स्वतंत्र तो है लेकिन अपने पति की बहन उम्मी के विवाह का दहेज के लिए अर्थोपार्जन कर रही है। वह नौकरी करना नहीं चाहती थी परन्तु पति के दबाव के कारण वह नौकरी करती है। मनोरमा के पति सुशील उसे एक कमाऊ मशीन ही समझता है। पुरुष की भावनाहीनता और निर्ममता की कहानी प्रस्तुत करती हुई मनोरमा पाठकों के हृदय को झकझोर देती है।

'मिसपाल' कहानी में 'मिसपाल' दिल्ली जैसे महानगर में सूचना विभाग में कार्यरत है। आधुनिक जीवन की असंगति और अकेलेपन का प्रभावशाली वर्णन श्मिसपालश में है। 'आज की आधुनिक नारी की प्रतिनिधि है 'मिसपाल' साथ ही महानगरीय परिवेश में जीवन की नि:संगता तथा व्यर्था-बोध की खिन्नता मिसपाल में देखी जा सकती है। वह एक ऐसी जगह की तलाश में है, जहाँ यहाँ की सी जिन्दगी न हो और लोग इस तरह की छोटी हरकतें न करते हैं।'[25] नौकरी छोड़कर नयी जगह आने पर भी वह शून्यताबोध और अजनवीपन की अनुभूति से ऊबर नहीं पाती। आधुनिक कामकाजी नारी होने के बावजूद असफल जीवन की जीती आधुनिक मिसपाल घुटन और

अवसाद से टूट रही जिन्दगी जीती है। उसकी बिखरी जिन्दगी में ष्हर चीज दूसरी चीज की जगह काम में लाई जा रही थी, एक कुर्सी ऊपर से नीचे तक मैले कपड़ों से लदी थी। दूसरी पर कुछ रंग बिखरे थे और एक प्लेट रखी थी। जिसमें बहुत-सी कीलें पड़ी थी।'[26]

'रोजगार' कहानी की नायिका मिस दारूवाला आधुनिक कामकाजी नारी है। वह एक पारसी युवती है जो शहरी जीवन के अभिशापों को झेलकर जीवन जीने को बाध्य है। जमशेद जो मिस दारूवाला का भाई है, वह बीमार है और उसी पर आश्रित है। मिस दारूवाला नौकरी के साथ-साथ अनैतिक कमाई कर हफ्ते पन्द्रह दिन में भाई का बिल चुकाने आती है। पूरी की पूरी कहानी मिस दारूवाला की जिन्दगी की घटनाओं के चारों ओर घूमती है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि मोहन राकेश के कथा-साहित्य की अधिकांश नायिकाएँ आधुनिक और कामकाजी हैं, कहीं वे विवशतावश अपने पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु नौकरी करती हैं तो कहीं अपनी आर्थिक स्वाधीनता और आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु। उनकी ये नारियाँ अत्यन्त दृढ़, आत्मविश्वासी और जुझारू हैं जो प्रतिकूल परिस्थितियों से टूटती नहीं वरन् उनका साहस से मुकाबला करती हैं।आधुनिक युग में नारी समाजिक स्तर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब तो हुई है, लेकिन जीवन के संघर्ष उसके परम्परित और आदर्श रूप पर कई प्रश्न छोड़ जाते हैं। ऐसी स्थिति में नारी का जीवन दोहरे संघर्ष से गुजरता है। मोहन राकेश के कथा-साहित्य में नारी के विभिन्न समस्याओं का भी अभिव्यक्ति मिली है।

उनकी कथा साहित्य में स्त्री संबंधी परंपरागत मूल्यों का खंडन हुआ है तथा नये मूल्यों का प्रारंभ हुआ है। इनके कथा साहित्य में ज्यादातर पात्र शिक्षित हैं ,जो अपना महत्व समझते हैं। स्त्री स्वतंत्रता महत्वाकांक्षिणी, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी है। जो परंपरागत मान्यताओं को तोड़कर अपना स्वतंत्र अस्तित्व सिद्ध करती है। राकेश ने स्त्री को पुरुष की अनुचरी, सेविका न बनाकर सहचरी बनाने का समर्थन किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नेमिचन्द्र जैन,अधूरे साक्षात्कार,पृ.सं.131
2. मोहन राकेश,न आने वाला कल,पृ.सं.98
3. मोहन राकेश की संपूर्ण कहानियाँ (हक हलाल) पृ.सं. 361
4. डॉ. नरेंद्र मोहन द्वारा संपादित, आधुनिक हिंदी उपन्यास में श्रीकांत वर्मा के निबंध, पृ. सं. 212
5. डॉ. रमेश कुमार जाधव, मोहन राकेश: व्यक्तित्व एवं कृतित्व, पृ. सं.541
6. डॉ. श्रीमती मीना पिंपलापुरे, मोहन राकेश का नारी संसार पृ. सं. 115
7. मोहन राकेश की संपूर्ण कहानियाँ (सुहागिनें) पृ. सं. 161
8. वही (चौगान) पृ. सं. 197
9. डॉ. नरेंद्र मोहन द्वारा संपादित, आधुनिक हिंदी उपन्यास में श्रीकांत वर्मा का निबंध, पृ.सं. 211
10. नेमिचन्द्र जैन,अधूरे साक्षात्कार,पृ.सं.131
11. डॉ. सुषमा अग्रवाल, मोहन राकेश: व्यक्तित्व और कृतित्व, पृ. सं. 317
12. मोहन राकेश, अंधेरे बंद कमरे, बेस्ट संख्या 354
13. डॉ. श्रीमती मीना पिंपलापुरे, मोहन राकेश का नारी संसार, पृष्ठ संख्या 113
14. डॉ. रमेश कुमार जाधव, मोहन राकेश: व्यक्तित्व एवं कृतित्व पृष्ठ संख्या 50
15. डॉ. श्रीमती मीना पिंपलापुरे, मोहन राकेश का नारी संसार पृष्ठ संख्या 127
16. डॉ. रमेश कुमार जाधव, मोहन राकेश व्यक्तित्व एवं व्यक्तित्व दृष्टि संख्या 74
17. मोहन राकेश, ना आने वाला कल स्टेशन क्या 88
18. वही, विश्व संख्या 33
19. मोहन राकेश, अंतराल, पृष्ठ संख्या 98
20. डॉ. रमेश कुमार जाधव, मोहन राकेश व्यक्तित्व एवं कृतित्व पृष्ठ संख्या61
21. मोहन राकेश अंतराल पृष्ठ संख्या 177- 78
22. श्रीमती मीना पिंपलापुरे, मोहन राकेश का नारी संसार लिस्ट संख्या 157
23. डॉ. रामदरश मिश्र एवं डॉ. नगेंद्र मोहन, हिंदी कहानी दो दशक की यात्रा पृष्ठ संख्या 126
24. डॉ. नीलम गोयल स्वतंत्र उत्तर हिंदी लेखिकाओं के उपन्यास में अलगाव पृष्ठ संख्या 231
25. मोहन राकेश की संपूर्ण कहानियाँ(क्वार्टर),पृ.सं.138
26. वही,मिसपाल,पृ.सं.10
27. वही,पृ.सं.14

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Nature and Nature-Based Art of Padma Shri Late Ram Gopal Vijayvargiya

Dr. Jwala Prasad Kaloshia*

***Assistant Professor (Visual Arts) Govt. College, Garhi-Partapur, Banswara (Raj.) INDIA**

Introduction - It is difficult to say anything with certainty about when man got connected to art, but it will be worthwhile to say that it will be a boon in the development of human consciousness directly and indirectly. Art is always connected to its ground and through this grounded connection, it tries to fascinate or amaze the listener, reader, viewer with the speech and work of man.

A lot has been written and tested on art from time to time and which is still continuing to maintain its continuity. This wisdom of art, taking the place of personal biological responses, started turning and changing nature and nature's social beings towards a proper direction. Hence, it will be appropriate to say here that the tendency of expression through art has been going on in man since ancient times. Here arts are the result of the natural expression of man and the beauty of nature. It is through art that man has been making conscious efforts to present his various emotions through various mediums of fine arts from time to time and at present he seems to be trying to express his wishes by creating art with great gentleness.

Whenever the discussion of the art of Rajasthan has arisen, scholars, thinkers, politicians etc. say that the tradition of art in Rajasthan has been very strong. The deception of this self-praise was broken when in the exhibition of Rajasthan Lalit Kala Academy held in Delhi before 1960, the famous art critic Charles Fabry boldly said that the Rajasthani artist is absolutely dead.

In fact Rajasthani painting had lost its identity even before independence. Local miniature painting styles had died. The last area of traditional Rajasthani painting was only fulfilling the cheap demand of Nathdwara pilgrims. It would not be an exaggeration to say that the ancient glory and dignity of art creation had almost vanished. At this time, the art of Rajasthan was being influenced by cheap calendar-like art.

As is known, after independence, changes are visible in the technique of painting creation of Rajasthani Kalam mainly at three levels. In which some painters were creating their paintings using western techniques. On the other hand, some artists were experimenting in painting by assimilating the wash method of Bengal.

Around 1955 AD, an important turning point came in Rajasthani art, at this time many young artists came to Rajasthan after completing art education from the famous institutions of the country and were carrying out their work by incorporating the techniques they had learned in the traditional painting style of Rajasthan.

These artists of Rajasthan, due to the influence of Bengal Renaissance, patriotism and fascination for their folk culture, promotion of socialist ideology, the artists here started incorporating the smell of their soil in art and literature. Artists started giving importance to painting of

various beautiful subjects of the physical world for the development of subtle observation power. As a result, the painters of that time tried to paint more and more scenes, folk life, and the nature of the desert along with its environment and various elements related to it.

Due to the coincidence and good fortune of receiving art education in the famous schools of the country, the artists here abandoned the fascination of painting in miniature styles and created paintings in their own refined style. These painters depicted the beauty of their folk life, rural culture and scenery on their panels. In this sequence of painting, senior painter Kalaguru Padmashree Late Ram Gopal Vijayvargiya has made Rajasthan's folk culture, natural beauty and various parts of public life and nature the subject of his artworks. He minutely observed the folk life style of Rajasthan and its coherence with the society. The power of painting the atmosphere of rural life in a realistic way like a camera and the capable brushwork presented an excellent depiction with the harmony of unique lines and colours.

The art guru of the contemporary art world of Rajasthan, Ram Gopal Vijayvargiya is known as a Banyan tree in whose cool and pure shade the art of the desert region was nourished and flourished. Through his continuous art practice and devoted dignity, he played an important role in the art movement of Rajasthan by spreading the uniqueness and novelty of the design of the traditional art style of India to the art world of Rajasthan and provided a strong base to the renaissance process in the Rajasthani art scene.

Vijayvargiya ji has made a unique and wonderful blend of Bengal's wash technique, the delicate and graceful lines of Ajanta, rhythm and Rajasthan's traditional painting, and has depicted religious, literary and traditional subjects in his paintings by relating them with nature. His painting subjects include village Chaupal, animals and villagers resting in the summer sun, labourers, village huts, waving footpaths in the hills and barren land, which have been the hallmarks of his art. Ram Gopal Vijayvargiya gave a new turn to the field of miniature painting by imitating the method and style of the agitated revival period in Bengal.[1]

He also gave liveliness to his expression through prose and poetry. His art world is so vast and expansive that to call him just an artist is to limit his multifaceted talent. His personality is an institution in itself.

The universally accepted art guru of Rajasthan, Vijayvargiya has been the ideal of the painters of Rajasthan and the source of inspiration for the creative generation. After encountering the contemporary social, religious and cultural activities of Rajasthan with the characters and ideal plots of Puranas, history, religion, ancient literary works, his brush with full dedication brought life into his works by portraying them on his canvas with the help of original and attractive colour scheme and variety of rhythmic, dynamic and strong lines with the touch of harmony of memory and imagination Born in 1905 in a merchant class of Baler Thikane of Sawai Madhopur district of Rajasthan, Ram Gopal ji had a deep inclination towards art creation since childhood. His father was the caretaker of the princely estate there and a person of business nature. They wanted Ram Gopal ji to become a lawyer, but due to his inclination towards art, he used to draw figures on the walls with chalk and coal and collect coloured pictures. The family members considered his interest useless and his father used to get worried seeing his interest and used to say that the boy will die of hunger if he keeps drawing lines.[3]



In the 14th year of his age, artist Vijayvargiya ji started getting the company of beautiful women along with a life of luxury. He was sent to a brothel to learn etiquette. The artist's sense of beauty was sharp even at that time, it is known from his memory that the prostitute he used to visit was dark in complexion but beautiful to look at. [4]

He got married at the age of seventeen and after two years he was employed by his father. But the artist's mind was somewhere else, in the illusion of shapes, lines and colours. The result was that he was fired from the job for making sketches on the pages of the government register. After this, an important turning point in his life came in 1924 when Vijayvargiya ji got permission from his father to get formal art education and he took admission in Jaipur School of Art. Coincidentally, in the same year, Shailendra Nath Day joined this school as the vice-principal. At that time, Amit Kumar Haldar was the principal of Jaipur School of Art. Due to the efforts of these two great men, the Jaipur Museum got a new life in the form of a School of Arts.[5]

During his early years, Ram Gopal ji was introduced to the colours and forms of the Bengali style. In the Bengal school, most of the paintings are based on poems and mythological stories, whereas he has been sensitive towards poetry since childhood. This literary interest continued with his partition and this was also an important reason for Ram

Gopal ji's interest in the Bengal style. During this period, he had studied books and poems like **Meghdoot, Raghuvansh, Kadambari, Abhigyan Shakuntalam, Kumarsambhava, Bihari Satsai** etc. In the second year of his admission in the art school, his painting was published in a magazine called Modern Review. The series of paintings titled **Abhigyan Shakuntalam** based on literature was his first painting series. Apart from this, he painted on many subjects like **Omar Khayyam, Alif Laila**.

At this time, he also got the company of many well-known painters and art experts of the country, which had a deep impact on his future life. Due to this fertile environment, Vijayvargiya ji became a skilled and established artist in a few years. Meanwhile, the sudden death of his wife and grandson caused him mental shock, yet like a child artist, he saved these memories in the lonely corner of his heart, which later appeared through colors and words.

With the harmony of poetry and art, he created such a flow of art, which appeared in the form of Satyam Shivam Sundaram. At one place, he has also written, the condition of a poet is such that he finds beauty in the lotus and creepers in the silvery beautiful faces in the moonlight. In the same way, he sees the river of divine joy flowing in the dawn, dusk, spring and autumn of Chitradhara.[6]

The main feature of Rajasthani painting has been to paint based on poetry. The painting done by Vijayvargiya ji in his painting based on the poignant places of Sanskrit and Hindi poetry became the identity of his work. While in his paintings related to **Meghdoot**, one can see the rhythm of lines, emotional inclination and the grandeur and dignity of colours, in the series of paintings of Geeta Govinda, he has depicted the complete beauty of Radha such as dilated eyes, shapely face, thick and long hair, plump breasts and long slender body, which in accordance with the imagination of Jaydev, reveals his poetic heart. In all the subjects of his paintings, the harmonious form of both poet and painter is visible. In his art, the process of mathematical solution and the process of achieving artistic beauty become the same. The purpose of his art is the welfare of the masses, the happiness of the masses. He has considered art as the source of joy and rasa. He has sought the path of self-welfare and perfection of all aspects of life through art.[7]

His own opinion is that an artist can be made only when the feeling of worship of beauty is very much awakened in his life. This is the reason that in his paintings, female beauty or lovemaking has reached from the ordinary life level to a subtle, civilized level. An example of how mature the natural tendency of attraction towards women has become can be seen in each of his erotic paintings.

In this context, some lines of his poem written in the collection of poems in the book **Abhisaar Nisha** published by Rajasthan Sahitya Academy, Udaipur in 1959, analyze his artistic mind.

भोग भावनाओं की भाषा, शून्यगगन में पढ़कर।
कठिन वर्जनाओं की विविध से, तबियत घबराती है।
शिथिल हो गए गात, रात को नींद नहीं आती है।
कुंठित सा मन हुआ, जवानी बहुत याद आती है [8]

Vijayvargiya's art has everything infused in it - the joy of life, the tradition of separation, the creation of love. The subjects that he molded in color, line, form, give a sense of the present with the continuity of time. He found the meaning of life in art, in which there is no pride of the ruins of civilization, but the passion of life. That is why late **Prof. Parmanand Choyal called him the Raja Ravi Varma of Rajasthan.** The place that Raja Ravi Varma and Avni Babu have had in the renaissance and renewal of Indian art, the same place should be counted for Ram Gopal Vijayvargiya in the context of Rajasthani art.[9]

Ramgopal Vijayvargiya, who gives his clear, liberal and restrained opinion on the subject of modern art, is a mature, thoughtful artist, who says that we are Indians and our creations should have the imprint of Indianness. Whatever painting we do, Indianness should be in its soul.[10]

In his paintings, there is a close relationship, a familiar balance between man and nature. Through colours and lines, he highlights the most beautiful forms of nature and man. His paintings create a joyful atmosphere. Variety of subjects, power of expression and originality of painting are his specialties.[11]

Vijayvargiya ji has a special interest in sketching and there has not been a single year in his long life when he has not made sketches. These are more focused on lines than rangoli. Before the viewer's attention goes to the color combination, the lines already speak. His painting based on Omar Khayyam's coldness, 'Dispassion from the world' is a perfect example of this. There is a natural movement, flow in his lines, which has the ability to captivate the viewer. His paintings based on the wash method have also been line-dominated. His rhythmic and playful sketching in which human forms has become very life like.

We can mainly divide Vijayvargiya ji's paintings into four categories, **line painting, wash painting, tempera painting** and **oil painting**. He has made most of the sketches with black water. The second type of sketches has water colors filled in them and the third is a depiction made in a realistic style related to nature. A collection of sketches by Vijayvargiya ji was published 67 years ago in 1948 from Jaipur. There are more than one thousand sketch books of his sketches which are unpublished. From which we get a vast repository of his painting world.[12]

Even though the main inspiration of Vijayvargiya ji's sketches of Alkavali, Vaidehi Virah and Ragamala is Rajasthani art, they are not mere imitation. The tasteful newness of the ornamental accessories like costumes, hair styles etc., the inclusion of nourishing elements like trees, creepers, clouds, deer etc. with proper restraint for creating a poetic effect, the use of only one shade of color are definitely the signs of his independent imagination. According to Rajasthani art, he did not try to create space in his paintings by marking areas in shades, but the idea of artistry is the most important and attractive change.[13]

The composition of Vijayvargiya's paintings does not have the sparseness of gaps like the traditional Rajasthani style of painting. It has the richness of Ajanta. In the sparseness, lines of emotions sometimes revolve, sometimes become clouds and run from one end to the other. This is his very personal experiment. In the painting, the human forms under the natural scene have been diversified instead of making them a single object. The combination in the painting is more dynamic and organized. The composition of the paintings is actually a complex and intellectual process.

Light pink, green, red, blue and purple colors are predominant in his paintings. He always used colors that were pleasing to the eyes. The transparent color of the wash method is his specialty. There is freshness in them, there is a rhythm. The beautiful faces and bodies transformed from Ajanta have been painted by Vijayvargiya's brush in a re-sculpted form, which looks more like a sculpture than a painting, but the simplicity of the paintings in them is his special quality.[14]

Ram Gopal Vijayvargiya's paintings reflect a close relationship and a deep harmony between man and nature. When and how the unthoughtful form of the mind, the unknown of the brain takes the form of a picture, how it reveals its most beautiful form through colors and lines, this specialty can be seen in the paintings of artist Vijayvargiya. His paintings have movement, freshness and the ability to create a joyful atmosphere.[15]

Vijayvargiya's art journey passes through various stages on the path of beauty, creates scenes containing many experiences and ends in the world of bliss where there is worldly oblivion, merging and also joy. **Late Shri Ram Gopal Vijayvargiya has been awarded the Padma Shri award in 1984** by the Government of India for his continuous art practice. He remained active till the end of his life and painted and said goodbye to this field of art in Jaipur in 2003 at the age of 98. Thus, from an editorial point of view, the life of late Shri Ram Gopal Vijayvargiya was full of little confusion. As a man of the century, the journey of his artistic life was interesting and simple from the point of view of social, economic and material values and this simplicity and happiness is reflected in his entire work.

References:-

1. Aakruthi - Monthly Magazine Issue - June, 1992
2. Gautam, B. R.- Thanks Ram Gopal Vijayvargiya, Rajasthan Lalit Kala Academy, Jaipur, 30 June, 1998, Page No. 1
3. Pratap, Dr. Rita - History of Indian Painting and Sculpture, Rajasthan Hindi Granth Academy, Jaipur 2010, Page No. 407
4. Pancholi, Rekha - Contemporary Senior Painters of Rajasthan, Research Book, Mohanlal Sukhadia Vishwa, Udaipur 1998, Page No. 24
5. Sharma, Prof. Devakinandan and Dr. Harimaharshi (Editor) - Milestones of Indian Art- Rupankar, 1976, Page No. 5
6. Pratap, Dr. Rita - Indian Painting and Sculpture History,

Rajasthan Hindi Granth Academy, Jaipur 2010, Page No. 408
7. Damami, A. L. - Modern Art and Artists of Rajasthan, Himanshu Publications, Udaipur-Delhi, 2004, p.no. 27
8. Pancholi, Rekha - Contemporary Senior Painters of Rajasthan, Research Book, Mohanlal Sukhadia University, Udaipur 1998, p.no. 28
9. Choyal, Prof. P.N.- Dimensions of Creation and Vijayvargiya, p.no. 153
10. Goswami, Dr. Premchand - The Foundation Pillars of Modern Indian Painting, Rajasthan Hindi Granth Academy, 1995, p.no. 68
11. Same, p.no. 68
12. Damami, A. L. - Modern Art and Artists of Rajasthan, Himanshu Publications, Udaipur-Delhi, 2004, p. no. 27
13. Sakhalkar,R.V.-Aakruthi,artist Ram Gopal Vijayvargiya, Rajasthani Lalit Kala Academy, Jaipur, February - 1992, p.no. 05
14. Damami, A. L. - Modern Art and Artists of Rajasthan, Himanshu Publications, Udaipur - Delhi, 2004, p.no. 30
15. Goswami, Premchand - History of Indian Painting, Panchsheel Publications, Jaipur 1999, p.no. 150

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

महाज्ञानी-अप्रतिबुद्ध से अद्वितीय-प्रतिबुद्धता के अद्भुत-यात्री : इन्द्रभूति गौतम

प्रो. सुदीप कुमार जैन*

* आचार्य एवं विभागाध्यक्ष (प्राकृतभाषा) श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) नई दिल्ली, भारत

प्रस्तावना – यह शीर्षक किसी बड़े-विरोधाभास का प्रतीक है, परन्तु विशिष्ट-सन्दर्भों को परिलक्षित रखें, तो इससे दृष्टिपटल से तिरोहित रहे कई महनीय-विषयों का रहस्योद्घाटन होता है। आइये, उन विशिष्ट-सन्दर्भों के साथ-साथ उन अदृष्ट-तथ्यों की मीमांसा भी समझें, जो हमारे विचारपटलों से ओझल रहे हैं।

तथ्य-क्रमांक 1:- चौबीसवें तीर्थंकर भगवान् श्री महावीर स्वामी के काल में वैदिक-परम्परा के भी कई बड़े पंडित थे, जिनमें सर्वश्रेष्ठ विद्वान् का नाम इन्द्रभूति गौतम था।

उस समय इनके पांडित्य एवं कर्मकांड की लोक में इतनी प्रतिष्ठा थी, कि बड़े-बड़े राजा व सामन्त इनकी विद्वत्ता का लाभ लेते थे व इनका सन्मान करके इन्हें प्रभूत-दक्षिणा देते थे। इनके साथ उस समय के 500 श्रेष्ठ एवं मेधावी-वेदाभ्यासी इनके शिष्यों के रूप में चौबीसों घंटे इनकी सेवा में तत्पर रहते थे। ये बहुत बड़े वाग्मी, भाषाविद्, कर्मकांड के विशेषज्ञ एवं वादी विद्वान् थे। अत: इन्हें मैंने 'महाज्ञानी' विशेषण प्रयोग किया है।

तथ्य-क्रमांक 2:- जिनाम्नाय के अनुसार जिसे जिनेन्द्र-प्रज्ञप्त वस्तु-व्यवस्था का ज्ञान न हो एवं आत्मतत्त्व की निर्मल-अनुभूतिरूप सम्यग्दर्शन की प्राप्ति नहीं हुई हो, वह 'अप्रतिबुद्ध' अर्थात् अज्ञानी ही कहा गया है। क्योंकि जैनदर्शन में मात्र क्षयोपशमज्ञान पर आधारित पांडित्य को 'प्रज्ञा-परीषह' कहकर उपेक्षित किया गया है। यआत्महित जिसने नहीं साधा, वह लोकहित भी वास्तव में नहीं कर सकता है— इस सिद्धान्त के आधार पर उसके समस्त पांडित्य को जैनदर्शन 'अज्ञान' ही मानता है।

जैनदर्शन की स्पष्ट-मान्यता है कि 'आत्मज्ञान ही ज्ञान है, शेष सभी अज्ञान'। इसीकारण अन्य सब बातों के प्रकांड-पंडित होते हुये भी इन्द्रभूति गौतम आत्मज्ञान एवं जिनेन्द्र-कथित तत्त्वज्ञान से नितान्त-अनभिज्ञ थे, अतएव उन्हें 'महाज्ञानी' के साथ 'अप्रतिबुद्ध' विशेषण भी शीर्षक में सुविचारित रूप से प्रयोग किया गया है।

तथ्य-क्रमांक 3:- 'अद्वितीय-प्रतिबुद्धता' का अभिप्राय बहुत गहरा है। यह लौकिक-पांडित्य की मानसिकता में समझ में नहीं आ सकता है। **इसके लिये हमें एक ओर 'केवली' और 'केवलज्ञान' को समझना होगा और दूसरी ओर हमें 'द्वादशांगी-श्रुत' को समझना होगा। इन दोनों के मध्यवर्ती जो होते हैं, उन्हें 'गणधर' कहा जाता है।**

यहाँ महत्त्वपूर्ण-बात यह भी है कि इन दोनों के बारे में सामान्यजनों को मात्र टटोलकर जानने जितनी मोटी-जानकारी ही पता है, इनकी वास्तविकता का तो अनुमान लगाना भी सामान्यजनों को अत्यन्त-कठिन ही नहीं, असंभवप्राय: है। अत: इन दोनों पक्षों का संक्षिप्त, किन्तु सटीक-प्रतिपादन करने के बाद इनके मध्यवर्ती गणधरदेव के स्वरूप का स्पष्ट-आभास कराऊँगा, ताकि इस विशेषण का अर्थ स्पष्ट हो सके।

पहला-पक्ष 'केवलज्ञान' का है। 'केवलज्ञान' अर्थात् आत्मा के ज्ञानगुण की वह परिणति, जो विश्व के अनन्त-जीवों, अनन्तानन्त-पुद्गलों, जीवों और पुद्गलों के क्षेत्र से क्षेत्रान्तरण के गमन एवं स्थिति के निर्धारक लोकाकाश-व्यापी धर्म और अधर्म-द्रव्यों, लोकाकाश के प्रत्येक प्रदेश पर विद्यमान सम्पूर्ण-परिणमनों के निर्धारक असंख्य-कालाणुओं, समस्त द्रव्यों के अवगाहनत्व के निर्धारक लोकालोक-व्यापी आकाश-द्रव्य के एक-एक प्रदेश को, उनमें से प्रत्येक के अनन्त-गुणों को, उन अनन्तानन्त-गुणों में प्रत्येक गुण के सर्वकालवर्ती-अनन्तानन्त-परिणमनों को युगपत् अत्यन्त निर्मलता/स्पष्टता के साथ प्रत्यक्ष जानने में समर्थ चैतन्य-परिणति का नाम 'केवलज्ञान' है। इतना ही नहीं, ऐसे अनन्त लोकालोक आ जायें, तो उन सबको भी केवलज्ञान की एक पर्याय बिना किसी अस्पष्टता के सहजतापूर्वक एक ही समय में प्रत्यक्ष जानने की सामर्थ्य रखती है।— ऐसा तो केवलज्ञान का स्वरूप है।

इस केवलज्ञान के धानी होते हैं केवली-परमात्मा। **ऐसी केवलज्ञान की अनन्तानन्त-पर्यायें जिसमें से प्रतिसमय परिणत हों, तब भी जिसकी स्वाभाविक-सामर्थ्य में रंचमात्र भी न्यूनता/कमी न हो— ऐसा 'ज्ञान' नामक गुण आत्मा का प्रतिनिधि-गुण है। और इस ज्ञान जैसे अनन्त-गुणों का निधान यह चैतन्य-तत्त्व आत्मा है।** इस केवलज्ञानरूप-परिणति से परिणत आत्मा को ही केवली कहा गया है।

इन केवलियों में जो सर्वजीवों के हित का करुणा-भावना से दिव्यध्वनि द्वारा वस्तु-स्वरूप का प्ररूपण करते हैं, उन्हें 'तीर्थंकर' कहा जाता है।

इन तीर्थंकरों की 'दिव्यध्वनि' में समस्त-श्रोताओं की जिज्ञासाओं को अधिगत करके उन्हीं की भाषाओं में समाधान देने की अनिर्वचनीय-क्षमता विद्यमान होती है, तथापि यह जितना केवलज्ञान जानता है, दिव्यध्वनि उसका अनन्तवाँ-भाग ही प्रतिपादित कर पाती है।

क्योंकि ज्ञान की जानन-सामर्थ्य तो अनन्त है, परन्तु ध्वनि की अभिव्यंजन-सामर्थ्य केवलज्ञान की तुलना में अनन्तवाँ-भाग मात्र है। चूँकि **केवलज्ञान 'निरावरण' या 'क्षायिकज्ञान' है**, अत: वह अपरिमित जान सकता है; किन्तु जो दिव्यध्वनि के श्रोतागण होते हैं, वे मुख्यत: सभी

सावरण-क्षयोपशमज्ञान के धनी होते हैं; अत: केवली की अनन्तवाँ-भाग-सामर्थ्यवाली दिव्यध्वनि जितना प्रतिपादित कर पाती है, उसे कोई भी सावरण-ज्ञान यानि क्षयोपशम-ज्ञान का धनी जीव पूरा तो क्या, उसका एक-अंश भी ग्रहण नहीं कर पाता है।

किन्तु क्षयोपशमज्ञान के धनियों में सर्वश्रेष्ठ-क्षमता के धनी तीर्थंकर-परमात्मा के प्रधान-शिष्य अर्थात् 'गणधर' ही होते हैं। वे मति-श्रुत-अवधि-मन: पर्यय— इन चार ज्ञानों के सर्वोत्कृष्ट-स्तर के धानी होते हैं। और वे भी तीर्थंकर-परमात्मा की दिव्यध्वनि का अनन्तवाँ-अंश ही ग्रहण कर पाते हैं— यह एक तथ्य है।

दूसरे-पक्ष पर विचार करें, तो हम पाते हैं कि गणधरदेव दिव्यध्वनि के जितने अंश को ग्रहण करते हैं, उसको जब वे शब्दायित करके वर्गीकृत करते हैं, तो उन्हें प्राप्त दिव्यध्वनि के अंश का भी अनन्तवाँ-भाग ही वे उसरूप में व्यवस्थित कर पाते हैं, जिसे हम 'द्वादशांगी-श्रुत' के रूप में जानते हैं। जबकि जिनवाणी के ग्रन्थों में जो द्वादशांगी-श्रुत का परिमाण एवं विस्तार वर्णित है, वह सामान्यजनों की कल्पना एवं गणना से परे प्रतीत होता है। इसी द्वादशांगी-श्रुत का अन्तर्मुहूर्त में पारायण 'श्रुतकेवली' करते हैं। अर्थात् श्रुतकेवली जितना द्वादशांगी-श्रुत के रूप में जानते हैं, गणधरदेव को उनसे अनन्तगुना-अधिकज्ञान दिव्यध्वनि के माध्यम से होता है।

यह सब सत्य एवं तथ्यात्मकरूप से प्रमाणित है और इस विषय में आप प्राय: जानते हैं। किन्तु इस आलेख का उद्देश्य मात्र यह जानकारी देना नहीं है, बल्कि उन तथ्यों की ओर ध्यानाकर्षण कराना है, जिन पर प्राय: हम लोग विचार ही नहीं करते हैं। उन तथ्यों का संक्षिप्त-विवरण निम्नानुसार है-

1. विचार करिये कि जब भगवान् श्री महावीर स्वामी जी को केवलज्ञान प्राप्त हुआ था, तभी से उनका समवसरण लग रहा था और उसकी बारह-सभाओं में कई श्रुतकेवली, चतुर्विध भावलिंगी-मुनिराज, आर्यिकायें, देशव्रती श्रावक-श्राविकायें, चतुर्निकाय-देवगण, सौ इन्द्र, अनेकविध सामान्य-श्रावक आदि विद्यमान रहते थे; जो कि भगवान् श्री महावीर स्वामी के न केवल अनुगामी-शिष्य थे, बल्कि विशुद्ध-आत्महित की भावना से उस समवसरण में उपस्थित थे।

और इस स्थिति में एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 66 दिन बीत गये थे। किन्तु उन अनन्य-भक्तों में किसी की ऐसी पात्रता नहीं पकी कि वे तीर्थंकर-प्रभु के 'गणधर' बन सकते।

दूसरी-ओर भगवान् श्री महावीर स्वामी के समवसरण में आने तक इन्द्रभूति गौतम को न तो जैन-तत्त्वज्ञान की पकड़ या जानकारी थी और न ही उन्होंने एक भी जैन-सिद्धांत समझा या स्वीकार किया था। तब उन्होंने ऐसा कौन-सा चमत्कार कर दिया था, जो वे श्रुतकेवलियों से भी कई गुना श्रेष्ठ-योग्यता के धनी 'गणधर' बन गये थे और वह भी तत्काल?

न तो उन्होंने जैन-सिद्धांतों को पढ़ने, सीखने या समझने में एक क्षण का भी समय लगाया और न ही किसी से जिनशासन के सिद्धांतों का अध्ययन किया था। तब उन्होंने बिना किसी शिक्षण या प्रशिक्षण के सर्वज्ञ-परमात्मा की दिव्यध्वनि सुनकर उसे आत्मसात् करने की क्षमता कब और कैसे विकसित की थी? कैसे क्षण भर में उनकी वैचारिक एवं श्रद्धानगत-पवित्रता इतनी अधिक हो गयी थी कि समवसरण की बारहों सभाओं में विद्यमान अभ्यासी-साधकों से कई गुना श्रेष्ठ बनकर 'गणधर' पद पर विभूषित हो गये थे?— यह प्रश्न बहुत ही गम्भीर है।

2. क्या जैन-तत्त्वज्ञान के अध्ययन एवं प्रशिक्षण के बिना भी जैन-तत्त्वज्ञान के सर्वोत्तम-वक्ता 'तीर्थंकर-परमात्मा' की परम-अतिशय-रूप 'दिव्यध्वनि' के निमित्त बन गये, जो दिव्यध्वनि पिछले 66 दिनों से गणधर के अभाव में नहीं खिर रही थी, वह इन्द्रभूति गौतम जैसे जैन-तत्त्वज्ञान से अनभिज्ञ एवं अप्रशिक्षित-व्यक्ति के आते ही खिरने लगी थी। क्या क्षण भर पहले तक का गृहीत-मिथ्यात्वी जीव मात्र क्षयोपशम के उघाड़ के बल पर इतनी महती-योग्यता अर्जित कर सकता है? जैन-सिद्धांत क्या इससे सहमति प्रदान करता है?— यह बहुत बड़ा-प्रश्न है।

3. क्या कुछ क्षण पहले का गृहीत-मिथ्यादृष्टि जीव कुछ ही पलों में निर्ग्रन्थ-मुद्रा अंगीकार करते हुये क्षायिक-सम्यग्दर्शन लेकर चार-ज्ञानों के सर्वोच्च-स्तर को प्राप्त करके तीर्थंकर-परमात्मा की धर्मसभा का नायक 'गणधर' बन सकता है? एकसाथ इतनी सारी योग्यतायें बिना किसी पूर्वाभ्यास या प्रशिक्षण के क्षण भर में प्रकट होनी संभव हैं?

ये सभी बेहद-गम्भीर प्रश्न हैं और इनका तथ्यात्मक-समाधान अपेक्षित है, कोरे भावावेश के उत्तार यहाँ अपेक्षित ही नहीं हैं। मैं अतिसंक्षेप में, किन्तु पूरी तरह से निर्भ्रान्तरूप से इन सभी का आगम-युक्त-सम्मत-समाधान प्रस्तुत करने का प्रयास यहाँ करूँगा।

समाधान-क्रमांक 1 :- जैनदर्शन का मूलभूत-सिद्धांत है कि आत्मा परिपूर्ण ज्ञानस्वभावी है, क्षयोपशमज्ञान उसका स्वभाव नहीं है। निरावरण-ज्ञान ही उसका स्वभाव है। और निरावरण-ज्ञान हमेशा परिपूर्ण ही होता है, कभी अपूर्ण नहीं होता है। भले ही पर्याय में उसकी अभिव्यक्ति सीमित दिखे, किन्तु वह पर्याय में दिखने की ही बात है, आत्मा का स्वभाव वैसा सीमित नहीं है।

जैसे आकाश में सूर्य हमेशा पूरा ही प्रकाशित और प्रतापित रहता है। किन्तु हम तक कभी उसका प्रकाश और प्रताप प्रचंड रूप में मिलता है, तो कभी मेघाच्छन्न-दिशाओं या दक्षिणायन के कारण ये क्षीण रूप में मिलते हैं। किन्तु यह सूर्य का दोष नहीं है और न ही वह कभी धुँधला होता है। यह तो हमारी स्थिति जिस क्षेत्र में है, वहाँ के प्रकृति और पर्यावरण के प्रभाव से ऐसा होता है।

3. शिक्षा और जागरूकता की कमी: भारत के कई हिस्सों में अभी भी लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता नहीं दी जाती है। गरीबी, सामाजिक मान्यताएँ, और शिक्षा की पहुँच में कमी के कारण कई लड़कियाँ स्कूल छोड़ देती हैं या उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने से रोका जाता है। शिक्षा और जागरूकता की कमी महिलाओं को उनके अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक नहीं होने देती।

4. सुरक्षा और हिंसा: महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक गंभीर समस्या है, जो उनके सशक्तिकरण में बाधा उत्पन्न करती है। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज से संबंधित हिंसा, और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा की कमी जैसी समस्याएँ महिलाओं के जीवन को प्रभावित करती हैं। इसके अलावा, इन घटनाओं की रिपोर्टिंग और न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया भी कठिन और लंबी होती है, जिससे महिलाएँ न्याय प्राप्त करने में हिचकिचाती हैं।

5. आर्थिक निर्भरता: आर्थिक निर्भरता महिलाओं के सशक्तिकरण में एक प्रमुख बाधा है। कई महिलाओं को आर्थिक रूप से परिवार के पुरुष सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे उनकी स्वतंत्रता सीमित हो जाती है। महिलाओं की आर्थिक स्वायत्तता सुनिश्चित करने के लिए उन्हें रोजगार के अधिक अवसर प्रदान करना और उनकी उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना आवश्यक है।

6. राजनीतिक प्रतिनिधित्व की कमी: हालांकि स्थानीय स्तर पर पंचायती

राज संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण है, फिर भी राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर महिलाओं का राजनीतिक प्रतिनिधित्व अभी भी सीमित है। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की कम संख्या उनके मुद्दों और दृष्टिकोण को नीति-निर्धारण प्रक्रियाओं में शामिल करने में बाधा उत्पन्न करती है।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में इन चुनौतियों से निपटने के लिए समग्र प्रयासों की आवश्यकता है। सरकार, समाज और समुदायों को मिलकर कार्य करना होगा ताकि महिलाओं को उनकी पूरी क्षमता तक पहुँचने के अवसर मिल सकें।

महिला सशक्तिकरण के लिए नीतियाँ और पहल – भारत वर्तमान में दुनिया के उन 15 देशों में से एक है, जहां महिला राष्ट्राध्यक्ष हैं। विश्वस्तर पर, भारत में स्थानीय सरकारों में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों की संख्या सबसे अधिक है। भारत में वैश्विक औसत से 10 प्रतिशत अधिक महिला पायलट हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला एयरलाइन पायलट सोसायटी के अनुसार, विश्वस्तर पर लगभग पांच प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं। भारत में, महिला पायलटों की हिस्सेदारी काफी अधिक है, यानी 15 प्रतिशत से अधिक। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) लगभग लड़कों के बराबर है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में लड़कियों/महिलाओं की उपस्थिति 43 प्रतिशत है, जो दुनिया में सबसे अधिक में से एक है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई पहल की गई हैं। विज्ञान ज्योति को 9वीं से 12वीं कक्षा तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की विभिन्न विधाओं में लड़कियों के कम प्रतिनिधित्व को संतुलित करने के लिए 2020 में लॉन्च किया गया था। 2017-18 में शुरू हुई ओवरसीज फेलोशिप योजना भारतीय महिला वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों को एसटीईएम में अंतर्राष्ट्रीय सहयोगात्मक अनुसंधान करने का अवसर प्रदान करती है। कई महिला वैज्ञानिकों ने भारत के पहले मार्स ऑर्बिटर मिशन (एमओएम), या मंगलयान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र में वैज्ञानिक उपकरणों का निर्माण और परीक्षण भी शामिल है।

इसके अलावा, भारत सरकार ने विभिन्न व्यवसायों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न योजनाबद्ध और विधायी हस्तक्षेप किए हैं और सक्षम प्रावधान बनाए हैं। कौशल भारत मिशन के तहत महिला श्रमिकों की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों और क्षेत्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों के नेटवर्क के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। महिलाओं के रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए, हाल ही में अधिनियमित श्रम संहिताओं में कई सक्षम प्रावधान शामिल किए गए हैं। महिला श्रमिकों के लिए अनुकूल कार्य वातावरण बनाने के लिए वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कामकाजी स्थिति संहिता, 2020 और सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। भारत सरकार 'मिशन शक्ति' लागू कर रही है जिसके दो घटक हैं, संबल और समर्थ। 'संबल' के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन और नारी अदालत जैसे घटक संचालित हैं। 'समर्थ्य' उप-योजना है, जिसके घटकों में प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, शक्ति सदन, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए केंद्र, सखी निवास यानी कामकाजी महिला छात्रावास, पालना, आंगनवाड़ी सह क्रेच शामिल हैं।

सरकार की प्रमुख योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना– राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) के तहत, लगभग 90 लाख महिला स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) समूह कार्यरत हैं, जिनमें लगभग 10 करोड़ महिला सदस्य हैं। इनके द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के संबंधा में ग्रामीण परिदृश्य को बदला जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत लगभग 40 मिलियन घरों में से अधिकांश महिलाओं के नाम पर हैं। इन सबसे वित्तीय निर्णय लेने में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। 'वोकल फॉर लोकल' का महिला सशक्तिकरण से बहुत बड़ा संबंध है, क्योंकि ज्यादातर स्थानीय उत्पादों की ताकत महिलाओं के हाथ में है। सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ी है। आजादी के बाद देश में पहली बार 2019 के लोकसभा चुनाव में 81 महिलाएं लोकसभा सदस्य के रूप में चुनी गईं। पंचायती राज संस्थाओं में 1.45 मिलियन या 46 प्रतिशत से अधिक महिला निर्वाचित प्रतिनिधि हैं (33 प्रतिशत के अनिवार्य प्रतिनिधित्व के मुकाबले)। भारत के संविधान में 73वें और 74वें संशोधन (1992) ने महिलाओं के लिए पंचायतों और नगर पालिकाओं में 1/3 सीटों का आरक्षण किया था।

महिला सशक्तिकरण और देश के सर्वोच्च राजनीतिक कार्यालयों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए सबसे बड़ी छलांग सरकार द्वारा 28 सितंबर, 2023 को नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 (106वां संविधान संशोधन) अधिनियम, 2023 की अधिसूचना है। लोकसभा और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा सहित राज्य विधान सभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित करने के लिए। भारतीय सरकार और गैर-सरकारी संगठनों ने महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के लिए कई नीतियाँ और पहल शुरू की हैं। इन पहलों का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक स्तर पर सशक्त बनाना और उनकी स्थिति में सुधार करना है। महिला सशक्तिकरण के लिए नीतियाँ और पहल महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने और उन्हें समान अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सरकारी नीतियों, कानूनी सुधारों, और गैर-सरकारी संगठनों की पहल ने मिलकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हालांकि, इन पहलों को सफल बनाने के लिए सामाजिक मानसिकता में बदलाव और जागरूकता की आवश्यकता है। समग्र दृष्टिकोण और ठोस प्रयासों से ही महिलाओं को उनके पूर्ण अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त हो सकेगी।

भविष्य के लिए दिशा-निर्देश – महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारत ने कई सकारात्मक कदम उठाए हैं, लेकिन अभी भी कई चुनौतियाँ मौजूद हैं जिन्हें दूर करने की आवश्यकता है। भविष्य के लिए दिशा-निर्देश और रणनीतियाँ महिलाओं की पूर्ण सशक्तिकरण और समानता को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। ये दिशा-निर्देश विभिन्न क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के लिए सुझाए गए हैं।

1. शिक्षा और कौशल विकास: लड़कियों की शिक्षा तक पहुँच बढ़ाने के अलावा, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना आवश्यक है। पाठ्यक्रम में बदलाव, शिक्षकों का प्रशिक्षण, और आधुनिक शिक्षण विधियों का समावेश आवश्यक है। महिलाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। इससे महिलाएँ विभिन्न उद्योगों में रोजगार प्राप्त कर सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

2. आर्थिक सशक्तिकरण: महिलाओं को वित्तीय सेवाओं तक आसान पहुँच प्रदान करने के लिए बैंकिंग सुविधाओं और माइक्रोफाइनेंस संस्थानों का विस्तार किया जाना चाहिए। महिला उद्यमियों को वित्तीय सहायता, परामर्श, और मार्केटिंग सपोर्ट प्रदान करके उनके व्यवसाय को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

3. राजनीतिक और सामाजिक भागीदारी: राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर महिलाओं के लिए आरक्षण और उनके राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिए नीतियाँ बनाई जानी चाहिए। सामाजिक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे समाज में महिलाओं की भूमिका और अधिकारों के प्रति सकारात्मक मानसिकता विकसित हो सके।

4. कानूनी और सुरक्षा उपाय: महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव को रोकने के लिए कानूनों का सख्ती से कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके लिए पुलिस और न्याय प्रणाली को और अधिक संवेदनशील और उत्तरदायी बनाया जाना चाहिए। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी उपायों जैसे मोबाइल ऐप्स और हेल्पलाइन्स को विकसित और प्रचारित किया जाना चाहिए।

5. स्वास्थ्य और कल्याण: महिलाओं की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए विशेष स्वास्थ्य कार्यक्रमों की स्थापना की जानी चाहिए। इसमें मातृत्व देखभाल, बालिका स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ शामिल होनी चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सामुदायिक स्तर पर अभियान चलाए जाने चाहिए, जिससे महिलाएँ अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत हो सकें।

6. सांस्कृतिक और पारिवारिक समर्थन: पितृसत्तात्मक धारणाओं को बदलने और महिलाओं की स्वतंत्रता का समर्थन करने के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण में बदलाव की आवश्यकता है। इसके लिए मीडिया और शिक्षा प्रणाली का सहारा लिया जा सकता है। परिवारों में महिलाओं के अधिकारों और उनके महत्व को समझाने के लिए विशेष कार्यशालाएँ आयोजित की जानी चाहिए।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में इन दिशा-निर्देशों का प्रभावी कार्यान्वयन समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है।

निष्कर्ष – महिला सशक्तिकरण भारतीय समाज की प्रगति और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण विषय है। पिछले कुछ दशकों में इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, जिनमें शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, राजनीतिक भागीदारी, और कानूनी सुरक्षा के क्षेत्र में सुधार शामिल हैं। हालांकि, चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं, जैसे सामाजिक भेदभाव, लिंग असमानता, और हिंसा, जो महिलाओं के पूर्ण सशक्तिकरण की राह में बाधा डालती हैं। भविष्य के लिए, शिक्षा और कौशल विकास, आर्थिक अवसरों की वृद्धि, राजनीतिक प्रतिनिधित्व में सुधार, कानूनी सुधार, और सामाजिक जागरूकता में बदलाव की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। इन उपायों के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिल सकती है और वे समाज के सभी क्षेत्रों में समान भागीदारी कर सकती हैं। महिला सशक्तिकरण न केवल महिलाओं के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है, बल्कि यह समाज और अर्थव्यवस्था के समग्र विकास के लिए भी आवश्यक है। एक समावेशी और न्यायपूर्ण समाज की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सभी के लाभ में योगदान करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. https://wcd.nic.in/bbbp
2. https://www.indiapost.gov.in/VAS/Pages/India-Post-Payment-Bank.aspx
3. https://nrega.nic.in/
4. https://wcd.nic.in/act/domestic-violence-act
5. https://wcd.nic.in/sites/default/files/Policy%20for%20Empowerment%20of%20Women.pdf
6. https://www.worldbank.org/en/topic/gender/publication/women-business-and-the-law-2021
7. https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1988697
8. राम आहूजा (2002): भारतीय समाज, रावत पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।
9. दीपा माथुर (1992): वूमेन, फैमिली एंड वर्क, रावत पब्लिकेशन जयपुर।
10. सुधीर श्रीवास्तव (1985): वूमेनइमपावरमेंट, टाटा मैग्रोहिल प्रकाशन, नई दिल्ली।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

सामाजिक विकास का आलोचनात्मक विश्लेषण: विशेषताएँ, परिभाषाएँ, आयाम और ढांचे

डॉ. दिनेश कुमार कतुतिया*

* शासकीय जाज्वल्यदेव नवीन कन्या महाविद्यालय, जांजगीर चांपा (छ.ग.) भारत

शोध सारांश – विकास की अवधारणा पिछले दो सदियों में विकसित हुई है। आर्थिक विकास का मुख्य विचार आर्थिक वृद्धि से गरीबों की सहायता, सतत विकास, मानव विकास, सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य (MDGs), और सतत विकास लक्ष्य (SDGs) तक विस्तारित हुआ है। प्रारंभिक निष्कर्ष बताते हैं कि ये अवधारणाएँ मुख्य रूप से भौतिक और सामग्री विकास पर केंद्रित हैं, सामाजिक विकास की अनदेखी करते हुए जो विकास के लिए बहुत मौलिक है। हाल के वर्षों में, साहित्य ने सामाजिक विकास के महत्व पर जोर देना शुरू कर दिया है और इसकी वैश्विक पुष्टि SDGs के परिचय के बाद हुई है। हालांकि, इन कार्यों में निष्कर्ष सामाजिक विकास की स्पष्ट परिभाषा और मान्यता पर असंगत हैं, वे सामाजिक विकास के भौतिक आयाम पर ध्यान केंद्रित करते हैं और सामाजिक विकास ढांचे के भौतिक आयाम पर जोर देते हैं। यह अध्ययन मौजूदा सामाजिक विकास की कमियों और सीमाओं की आलोचनात्मक जांच करने का उद्देश्य रखता है, साथ ही इसके विशेषताएँ, परिभाषाएँ और आयाम भी। अध्ययन सामाजिक विकास ढांचे की कमियों की पहचान करने का प्रयास करता है और एक अधिक व्यापक सामाजिक विकास ढांचा विकसित करने की दिशा की सिफारिश करता है। यह पेपर विकास, विशेष रूप से सामाजिक विकास पर संबंधित साहित्य की समीक्षा और विश्लेषण के माध्यम से मेटा–विश्लेषण और सामग्री विश्लेषण विधियों का उपयोग करता है।

शब्द कुंजी – सामाजिक विकास, सामाजिक विकास ढांचा, सामाजिक आयाम, सतत विकास, सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य, सतत विकास लक्ष्य।

प्रस्तावना – हाल की सामाजिक विकास पर पुस्तकों ने सामाजिक विकास मॉडल के विकास में एक गतिशील और अधिक व्यापक तरीके की आवश्यकता पर जोर दिया है। इसका कारण सामाजिक विकास ढांचे की अवधारणा में असंगति है, साथ ही इसकी विशेषताएँ, परिभाषाएँ और आयाम। इसके अतिरिक्त, अधिकांश मौजूदा सामाजिक विकास ढांचे पूरी तरह से उपयुक्त और पर्याप्त नहीं हैं जो सामाजिक विकास की गतिशीलता को दर्शा सकें। सामाजिक विकास ढांचे पर वर्तमान में सबसे महत्वपूर्ण बहसों में से एक भौतिक और सामग्री आयाम पर ध्यान केंद्रित करना है जबकि गैर–मौद्रिक पहलुओं की अनदेखी की जाती है। Midgley के अनुसार, 'सामाजिक विकास मानव इंटरएक्शन और जटिल घटनाओं से संबंधित है जो विशिष्ट इंटरएक्शन से उत्पन्न होती हैं जैसे कि कई समूह और संघ जिनमें परिवार, पड़ोसी संघ, औपचारिक संगठनों, समुदायों और समाज भी शामिल हैं, जो सामाजिक नेटवर्क, मूल्य, संस्कृतियाँ और संस्थान भी उत्पन्न करते हैं' (Midgley, 2014, पृ. 4)। इस दृष्टिकोण से, समझा जा सकता है कि सामाजिक विकास केवल भौतिक पहलू से संबंधित नहीं है बल्कि समाज और मानव जीवन के गैर–मौद्रिक पहलू से भी संबंधित है। इसलिए, सामाजिक विकास ढांचा भौतिक और गैर–मौद्रिक दोनों पहलुओं को ध्यान में रखना चाहिए।

यह अध्ययन मौजूदा सामाजिक विकास की कमियों और सीमाओं की आलोचनात्मक जांच करने का उद्देश्य रखता है, साथ ही इसके विशेषताएँ, परिभाषाएँ और आयाम भी। अध्ययन सामाजिक विकास ढांचे की कमियों की पहचान करने का प्रयास करता है और एक अधिक व्यापक सामाजिक विकास ढांचा विकसित करने की दिशा की सिफारिश करता है। अध्ययन चार भागों में संरचित है जिसमें परिचय शामिल है। दूसरा भाग डेटा और शोध विधियों पर चर्चा करता है। तीसरा भाग विकास की अवधारणा के विकास पर संस्थागत पृष्ठभूमि की चर्चा करता है, विशेष रूप से सामाजिक विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। इस भाग में सामाजिक विकास और इसकी विशेषताएँ, परिभाषाएँ, आयाम और ढांचे पर भी चर्चा की गई है। चौथा भाग शोध निष्कर्ष और सिफारिशों पर केंद्रित है।

डेटा और शोध विधियाँ – यह पेपर सामाजिक विकास और इसकी विशेषताएँ, परिभाषाएँ, आयाम और ढांचे का आलोचनात्मक विश्लेषण करता है, जो मूल्यांकनात्मक प्रकृति का है और अधिकतर गुणात्मक जानकारी संग्रहण, वर्गीकरण और विश्लेषण पर केंद्रित है। पेपर सामग्री विश्लेषण विधियों और मेटा–विश्लेषण का उपयोग करता है, जिसमें विकास, विशेष रूप से सामाजिक विकास पर संबंधित साहित्य की समीक्षा और विश्लेषण शामिल है, जैसे कि किताबें, जर्नल, रिपोर्ट, पेपर्स, सम्मेलन पेपर्स और लेख। यह अध्ययन मौजूदा सामाजिक विकास को चार मुख्य वर्गीकरणों में व्यवस्थित करता हैरू विशेषताएँ, परिभाषाएँ, आयाम और ढांचे। सामाजिक विकास का वर्गीकरण कई मानदंडों के आधार पर प्रस्तुत किया गया है। मूलतः, सामाजिक विकास को इसके विशेषताओं, परिभाषाओं, आयामों और ढांचे के अनुसार विश्लेषित किया गया। विशेषताएँ 'सामाजिक विकास की विशेषताएँ मुख्य रूप से समावेशी सामाजिक विकास, लोगों का विकास, आदि पर ध्यान केंद्रित करती हैं' के तहत वर्गीकृत की गई हैं। 'सामाजिक विकास की स्पष्ट परिचालन परिभाषा' श्रेणी के तहत परिभाषाएँ अधिक व्यापक हैं – मानव संभावनाओं, आवश्यकताओं और जीवन की गुणवत्ता

पर ध्यान केंद्रित करती हैं। जबकि 'सामाजिक विकास के भौतिक आयाम पर जोर' श्रेणी के तहत आयाम समाज और मानव जीवन के पहलुओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करती हैं। इसी प्रकार, 'सामाजिक विकास के भौतिक आयाम पर जोर' श्रेणी के तहत ढांचे भी समाज और मानव जीवन के पहलुओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हैं।

सामाजिक विकास: विशेषताएँ, परिभाषाएँ, आयाम और ढांचे- सामाजिक विकास और इसकी विशेषताओं, परिभाषाओं, आयामों और ढांचे की चर्चा से पहले, यह महत्वपूर्ण है कि विकास की अवधारणा के वर्षों में संस्थागत पृष्ठभूमि पर चर्चा की जाए, विशेष रूप से सामाजिक विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाए। विकास की अवधारणा वर्षों में विकसित हुई है। आर्थिक विकास का मुख्य विचार 1950 और 1960 के दशक में आर्थिक वृद्धि से, 1970 के दशक में गरीबी उन्मूलन, 1980 के दशक में सतत विकास, 1990 के दशक में मानव विकास, 2000 के दशक में सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य (MDGs), और 2015 में सतत विकास लक्ष्य (SDGs) तक विस्तारित हुआ है।

1950 और 1960 के दशक में, विकास को मुख्य रूप से आर्थिक विकास के संदर्भ में उपयोग किया गया, और धीरे-धीरे नए स्वतंत्र देशों का ध्यान केंद्रित हुआ (Mohamed et al. , 2019)। इस अवधि के दौरान, आर्थिक वृद्धि आर्थिक विकास का मुख्य लक्ष्य बन गई। हालांकि, विकास अर्थशास्त्रियों ने पाया कि आर्थिक वृद्धि एकमात्र पहलू नहीं है जिसका उपयोग आर्थिक विकास के लिए किया जा सकता है। इसका तात्पर्य यह था कि विकास ढांचे की अवधारणा में कुछ समस्या थी, क्योंकि आर्थिक विकास केवल कुछ मात्रात्मक परिवर्तनों तक सीमित नहीं होना चाहिए बल्कि गुणात्मक परिवर्तनों को भी शामिल करना चाहिए। इसलिए, इस अवधि के दौरान आर्थिक विकास मात्रात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करता था, गुणात्मक पहलुओं की अनदेखी करता था जो अब तक मात्रात्मक नहीं थी लेकिन विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण थी।

आर्थिक वृद्धि को विकास के मानक के रूप में उपयोग करने की सीमाओं पर बहस ने आर्थिक विकास की पुनर्परिभाषा को जन्म दिया। 1970 के दशक में, विकास की अवधारणा को गरीबी उन्मूलन के विचार को शामिल करने के लिए विस्तारित किया गया (Ayasrah, 2012)। इस अवधि के दौरान, गरीबी, असमानता और बेरोजगारी की कमी आर्थिक विकास का मुख्य ध्यान बन गई। हालांकि, विकास अर्थशास्त्रियों ने विकास के भौतिक पहलुओं पर अत्यधिक जोर देने की उपयुक्त उत्तार नहीं प्रदान किए। यह तथ्य दिखाया गया कि कई देशों में वास्तविक आय नाटकीय रूप से बढ़ी, लेकिन उनकी जनसंख्या की आत्म-रिपोर्ट की गई वस्तुनिष्ठ भलाई न केवल बढ़ी बल्कि वास्तव में घट गई (Chapra, 2015)। इस अवधि के दौरान सामाजिक और भौतिक आयामों की विकास की अवधारणा की कोई समझ नहीं थी, और इसने कई देशों में असंतोष पैदा किया और बढ़ी हुई असमानता को जन्म दिया।

इस अवधारणा के विफल होने के कारण सतत विकास की अवधारणा 1980 के दशक में उत्पन्न हुई, जिसे ब्रंटलैंड रिपोर्ट में प्रस्तुत किया गया (World Commission on Environment and Development (WCED) 1987)। यह अवधारणा यह मानती है कि विकास केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए नहीं बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी होना चाहिए, जो भविष्य की पीढ़ियों की संभावनाओं को दांव पर लगाता है। सतत विकास आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय सृजन पर ध्यान केंद्रित करता है। इसलिए, सतत विकास में, सामाजिक पहलू आर्थिक विकास के साथ-साथ अन्य पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने का प्रयास है जो भविष्य के विकास की संभावनाओं को प्रभावित कर सकते हैं। इस अवधारणा ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था और सामाजिक अर्थव्यवस्था में यह एक लंबा और प्रभावशाली बदलाव नहीं कर सका।

सामाजिक विकास का प्रमुख उद्देश्य मानव विकास, गरीबी उन्मूलन और एक उच्च जीवन स्तर की दिशा में जाना है, और इसके लिए सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य (MDGs) 2000 के दशक में प्रस्तुत किए गए थे। एमडीजी का उद्देश्य है कि सभी गरीब लोगों के जीवन स्तर में सुधार किया जा सके, और एक सुसंगत और स्थिर जीवन स्तर प्रदान किया जा सके जो पूरे मानवता के लिए तात्पर्य है। यह अवधारणा हर किसी के विकास के अवसरों के लिए प्राथमिकता देती है और सभी मानव जीवन के पहलुओं को शामिल करती है। हालांकि, डक्ळे की अवधारणा के बावजूद, सामाजिक विकास के अंतर्निहित और गहन मुद्दे, जैसे गरीबी और असमानता, पूरी तरह से हल नहीं हो सके और कई क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता थी।

सामाजिक विकास पर ध्यान केंद्रित करने वाले विद्वानों ने सामाजिक और मनोवैज्ञानिक आयामों को शामिल करने के लिए सतत विकास लक्ष्य (SDGs) 2015 में प्रस्तुत किए (Sachs 2015)। SDGs का उद्देश्य सामाजिक और पारिस्थितिकीय स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना है और यह वैश्विक विकास के मुद्दों के सभी पहलुओं को संबोधित करने की दिशा में है। इसके लिए,SDGs सामाजिक विकास के आयामों को अच्छी तरह से समझने और विकास के संदर्भ में सामाजिक पहलुओं को शामिल करने के लिए बनाया गया है।

इस प्रकार, विकास की अवधारणा ने समय के साथ बदलाव किया है, जहां सामाजिक विकास का जोर केवल भौतिक विकास पर नहीं बल्कि सामाजिक और मानसिक पहलुओं पर भी केंद्रित है।

निष्कर्ष और सिफारिशें - सामाजिक विकास का व्यापक दृष्टिकोण सामाजिक आयामों को सभी पहलुओं में शामिल करने के लिए बनाया गया है। हालांकि, सामाजिक विकास ढांचा अभी भी सामाजिक विकास की गतिशीलता को पूरी तरह से प्रतिबिंबित करने में असमर्थ है। इस पेपर ने मौजूदा सामाजिक विकास ढांचे के भौतिक आयाम पर ध्यान केंद्रित किया और सामाजिक विकास के विशेषताओं, परिभाषाओं, आयामों और ढांचे की आलोचनात्मक जांच की।

प्रस्तावित ढांचे के अनुसार, सामाजिक विकास केवल भौतिक पहलुओं पर नहीं बल्कि सभी सामाजिक और मानव जीवन के पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके लिए, सामाजिक विकास की परिभाषा और विशेषताओं को पुन: परिभाषित करने की आवश्यकता है और एक व्यापक और समावेशी सामाजिक विकास ढांचा विकसित करने की दिशा की सिफारिश की जाती है जो केवल भौतिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित नहीं करता बल्कि सामाजिक और मानसिक पहलुओं को भी शामिल करता है। इस प्रकार, सामाजिक विकास की संपूर्णता और गतिशीलता को पूरी तरह से समझने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण आवश्यक है जो भविष्य में सामाजिक विकास के मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल करने में सहायक होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

राजस्थान की परम्परागत जल संचयन प्रणालियों की पुनर्स्थापना की संभावनाएँ

कैलाश शर्मा *

*** शोधार्थी (भूगोल) (सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत**

प्रस्तावना – राजस्थान अपने विशाल भौगोलिक क्षेत्रफल और विविध भौगोलिक स्थितियों के कारण जल संसाधनों के मामले में चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना करता है। इस राज्य का अधिकांश भाग थार मरुस्थल के अंतर्गत आता है, जहाँ वर्ष भर पानी की अत्यधिक कमी रहती है। यहां की मरुस्थलीय और अर्ध–शुष्क जलवायु में पानी की आवश्यकता अत्यधिक है, लेकिन इसकी आपूर्ति सीमित है। ऐतिहासिक रूप से यहां के निवासियों ने इस चुनौती का सामना करने के लिए विभिन्न जल संचयन और संरक्षण प्रणालियों का विकास किया। ये प्रणालियाँ स्थानीय भौगोलिक और जलवायवीय परिस्थितियों के अनुरूप थीं और सामुदायिक जीवन का अभिन्न हिस्सा थीं। इन पारंपरिक जल संचयन प्रणालियों में बावड़ी, जोहड़, तालाब, टांका और नाड़ी जैसी विधियाँ शामिल थीं जो न केवल जल संग्रहण का काम करती थीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण थीं। समय के साथ आधुनिकता और तकनीकी विकास के चलते ये परम्परागत प्रणालियाँ उपेक्षित होती गईं परिणामस्वरूप आज राजस्थान में जल संकट और भी गहरा हो गया है।

प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य राजस्थान के जल संसाधनों का व्यापक तुलनात्मक अध्ययन करना और परम्परागत जल संचयन प्रणालियों की पुनर्स्थापना की संभावनाओं का विश्लेषण करना है। शोध पत्र में इन परम्परागत प्रणालियों की पृष्ठभूमि और उनके महत्व को समझेंगे, साथ ही यह भी विश्लेषण करेंगे कि कैसे इन प्रणालियों का पुनर्जीवन राज्य के वर्तमान जल संकट के समाधान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस संदर्भ में जल संसाधनों के संरक्षण और सतत विकास के लिए इन पारंपरिक प्रणालियों का पुन:स्थापन आवश्यक है।

भारत में मानसून की अनियमितता के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में अनावृष्टि, अतिवृष्टि और आंशिक वृष्टि की समस्याएँ प्राय: देखने को मिलती हैं। परन्तु राजस्थान का मामला विशेष रूप से गंभीर है क्योंकि राज्य का अधिकांश भाग थार मरुस्थल के अंतर्गत आता है जहाँ वार्षिक वर्षा की औसत मात्रा अत्यंत कम होती है। इस क्षेत्र में औसत वार्षिक वर्षा लगभग 100 से 500 मिमी के बीच रहती है जो देश के अन्य भागों की तुलना में काफी कम है। इस जलवायवीय चुनौती का सामना करने के लिए राजस्थान में ऐतिहासिक रूप से स्थानीय भूगोल और जलवायवीय परिस्थितियों के अनुसार परम्परागत जल संचयन प्रणालियों का विकास किया।

इन ढांचों ने न केवल जल संग्रहण में सहायता की, बल्कि समाज के सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उदाहरणस्वरूप, जोहड़ों और तालाबों का उपयोग न केवल जल संचयन के लिए होता था, बल्कि वे सामुदायिक मेल–मिलाप और धार्मिक आयोजनों के केंद्र भी थे। राजस्थान की जल समस्या का समाधान आज भी इन परम्परागत विधियों के पुनर्जीवन में छिपा हुआ है जो सतत विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

इन प्रणालियों के विकास में ऐतिहासिक तत्वों के साथ–साथ विविध भौगोलिक कारकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उदाहरणस्वरूप राजस्थान का अधिकांश हिस्सा ऐसा है जहाँ स्थायी रूप से बहने वाली नदियाँ नहीं हैं और यहाँ की प्रमुख नदियाँ जैसे– लूणी और बनास वर्षा पर निर्भर रहती हैं। इस क्षेत्र में अनियमित और कम वर्षा, नदियों में अपर्याप्त जल प्रवाह और भौगोलिक दृष्टि से जल की उपलब्धता की कठिनाइयों ने पारम्परिक जल संचयन प्रणालियों के विकास को मजबूती दी। बावड़ी, जोहड़, तालाब और टांका जैसी संरचनाएँ जो मुख्यत: वर्षा जल संग्रहण पर आधारित थीं इन जलवायवीय चुनौतियों का सामना करने में सहायक साबित हुईं।

राजस्थान की प्रकृति और संस्कृति के बीच एक गहरा संबंध है जो इन जल संचयन प्रणालियों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। यहां की संस्कृति ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और उनके सतत उपयोग को महत्व दिया जिसके परिणामस्वरूप इन प्रणालियों का विकास हुआ। उदाहरण के लिए जोहड़ और तालाब न केवल जल संरक्षण के साधन थे बल्कि वे सामुदायिक जीवन के केंद्र भी थे जहाँ धार्मिक और सामाजिक आयोजन होते थे। ये प्रणालियाँ समाज की आवश्यकताओं और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रति लोगों की समझ और उनकी जवाबदेही का प्रतीक हैं।

राजस्थान में स्थापत्य कला के प्रेमी राजा–महाराजाओं और सेठ–साहूकारों ने अपने पूर्वजों की स्मृति को अमर बनाने और अपने नाम को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से इस प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अद्वितीय और कलात्मक बावड़ियों, कुओं, तालाबों, झालरों, और कुंडों का निर्माण करवाया। इन संरचनाओं ने न केवल जल संचयन के उद्देश्य को पूरा किया बल्कि वे राजस्थान की समृद्ध स्थापत्य और सांस्कृतिक धरोहर का भी हिस्सा बनीं। उदाहरणस्वरूप जोधपुर की मशहूर 'तूरजी की बावड़ी' और जयपुर की 'पन्ना मीना की बावड़ी' अपनी अद्वितीय वास्तुकला और जल संचयन प्रणाली के लिए प्रसिद्ध हैं। इनका निर्माण उस समय की तकनीकी कुशलता और समाज के जल के प्रति जागरूकता का प्रमाण है।

राजस्थान में पानी के पारंपरिक स्रोतों की विविधता इस क्षेत्र की जलवायवीय और भौगोलिक चुनौतियों से निपटने की अनूठी क्षमता को दर्शाती है। यहां नाड़ी, तालाब, ओहड़, बन्धा, सागर, समंद और सरोवर जैसे विभिन्न जल स्रोत पाए जाते हैं जो स्थानीय जल संचयन प्रणालियों का हिस्सा हैं। इनमें से श्नाड़ीश को विशेष रूप से सामुदायिक जलाशय के रूप में जाना जाता है जहां वर्षा जल का संग्रहण किया जाता है। श्तालाबश और श्ओहड़श भी महत्वपूर्ण जलस्रोत हैं जो जल संरक्षण के साथ-साथ कृषि और पशुपालन के लिए आवश्यक जल की आपूर्ति करते हैं।

राजस्थान में कुओं का भी विशेष महत्व है। यहां कई प्रकार के कुएँ पाए जाते हैं, जैसे- 'बरानी कुएँ', जो वर्षा जल पर निर्भर होते हैं और श्झालर कुएँश जो विशेष रूप से धार्मिक महत्व रखते हैं। 'बावड़ी' और 'झालरा' भी राजस्थान की पारंपरिक जल संचयन प्रणालियों में शामिल हैं जिन्हें धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। 'झालरा' विशेष रूप से धार्मिक अनुष्ठानों और सामुदायिक आयोजनों के लिए बनाए जाते थे और आज भी राजस्थान के कई हिस्सों में इनका उपयोग धार्मिक समारोहों के लिए किया जाता है।

इन संरचनाओं ने न केवल जल संग्रहण का कार्य किया बल्कि राजस्थान के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्थापत्य कला के इन अनमोल रत्नों ने न केवल उस समय के जल संचयन की आवश्यकता को पूरा किया बल्कि यह भी दर्शाया कि कैसे जल और संस्कृति का अभिन्न संबंध रहा है। आज इन पारम्परिक जल स्रोतों का संरक्षण और पुनर्स्थापन न केवल राजस्थान की जल समस्या के समाधान के लिए आवश्यक है बल्कि यह राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को भी सुरक्षित रखने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

राजस्थान के किले अपनी भव्यता और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं लेकिन इनका जल प्रबंधन प्रणाली विशेष रूप से ध्यान देने योग्य और शिक्षाप्रद है। इन किलों में जल संचयन की परम्परा केवल तकनीकी कुशलता का प्रदर्शन नहीं है बल्कि यह वहाँ की सामाजिक और सांस्कृतिक धरोहर से गहराई से जुड़ी हुई है। उदाहरणस्वरूप जयपुर के आमेर किले और जोधपुर के मेहरानगढ़ किले में जल संचयन के लिए बनाए गए टांके, बावड़ी और जलाशय अद्धितीय हैं जो किले की संरचना का अभिन्न हिस्सा बनाते हैं।

इन किलों में जल का संग्रहण और संरक्षण बेहद कुशलता से किया गया था ताकि लंबे समय तक जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण था क्योंकि ये किले ऊँचाई पर स्थित थे जहाँ जल का प्राकृतिक स्रोत सीमित था। इसलिए, वर्षा जल को संग्रहित करने और भूमिगत जलाशयों में संरक्षित करने के लिए जटिल प्रणालियाँ विकसित की गईं।

राजस्थान में जल संचयन की परम्परा वहाँ के सामाजिक ढाँचे का अभिन्न हिस्सा रही है जहाँ जल को केवल एक प्राकृतिक संसाधन के रूप में नहीं बल्कि एक पवित्र तत्व के रूप में देखा जाता है। इस धार्मिक दृष्टिकोण के कारण प्राकृतिक जलस्रोतों जैसे- नदियों, तालाबों और कुओं की पूजा की जाती थी जिससे समाज में जल के संरक्षण और सम्मान की भावना विकसित हुई। इन संरचनाओं के निर्माण और उपयोग में लोक कथाओं और आस्थाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जो पानी की प्रत्येक बूँद का सावधानीपूर्वक और व्यवस्थित उपयोग करने की शिक्षा देती थीं। इन परम्पराओं ने न केवल जल संचयन की प्रणालियों को विकसित किया बल्कि कठिन जीवन परिस्थितियों में भी राजस्थान के लोगों को आत्मनिर्भर और जल के प्रति जागरूक बनाया जिससे वे अपने जीवन को सहज और सुरक्षित बना सके। वर्तमान में जल संसाधनों का प्रबंधन मुख्य रूप से आधुनिक तकनीकों पर आधारित हो गया है जिसमें डैम, नहरें और पाइपलाइनें प्रमुख भूमिका निभाती हैं। ये तकनीकें बड़े पैमाने पर जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विकसित की गई हैं और इन्होंने कई क्षेत्रों में जल संकट को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उदाहरण के लिए राजस्थान में इंदिरा गांधी नहर परियोजना ने थार मरुस्थल के कई हिस्सों में पानी की उपलब्धता में सुधार किया है जिससे कृषि और पेयजल की समस्याओं का समाधान हुआ है। इसी तरह, बीसलपुर बांध ने जयपुर और अजमेर जैसे शहरों में लाखों लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराया है। पाइपलाइनें अब दूर-दराज के इलाकों में पानी की आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण साधन बन गई हैं जिससे जल संसाधनों का कुशलतापूर्वक वितरण संभव हुआ है।

हालांकि इन आधुनिक प्रणालियों के दीर्घकालिक प्रभाव और स्थायित्व पर सवाल उठते हैं। बांध और नहरें अक्सर प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित करती हैं जिससे पर्यावरणीय संतुलन में गड़बड़ी हो सकती है। इसके अलावा ये संरचनाएँ महंगी होती हैं और इनके रखरखाव में भारी खर्च आता है। पानी की पाइपलाइनों में रिसाव और क्षरण की समस्या भी आम है जिससे जल की बर्बादी होती है। इसके विपरीत राजस्थान की पारंपरिक जल संचयन प्रणालियाँ जैसे- बावड़ी, जोहड़ और तालाब स्थानीय जलवायवीय परिस्थितियों के अनुकूल थीं। ये प्रणालियाँ प्राकृतिक जल स्रोतों को संरक्षित करने और जल के सतत उपयोग को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन की गई थीं। वे न केवल जल संचयन में प्रभावी थीं बल्कि सामुदायिक जीवन का अभिन्न हिस्सा भी थी जो समाज को जल के प्रति जागरूक बनाती थीं। आधुनिक और पारंपरिक प्रणालियों का यह विरोधाभास स्पष्ट करता है कि सतत विकास और पर्यावरणीय संतुलन के लिए पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक का संयोजन आवश्यक है।

राजस्थान में जल संचयन की परम्परागत प्रणालियों की पुनर्स्थापना की संभावनाएँ आज के समय में अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। राज्य की भौगोलिक और जलवायवीय परिस्थितियों को देखते हुए ये पारंपरिक प्रणालियाँ जल संरक्षण और प्रबंधन का एक स्थायी समाधान प्रस्तुत करती हैं। उदाहरण के लिए अलवर जिले में जोहड़ों की पुनर्स्थापना का कार्य टारुण भारत संघ द्वारा किया गया जिसने न केवल भूजल स्तर को पुन: स्थापित किया बल्कि पूरे क्षेत्र में कृषि और पशुपालन की स्थिति में सुधार लाया। इसी प्रकार जैसलमेर में खडीन प्रणाली की पुनर्स्थापना से वर्षा जल का संग्रहण और उसका उचित उपयोग सुनिश्चित किया गया है जिससे किसानों को कृषि के लिए पर्याप्त पानी मिल सका है। इन उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि पारंपरिक जल संचयन प्रणालियाँ न केवल प्रभावी हैं बल्कि वे स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक हैं।

इन परम्परागत प्रणालियों की पुनर्स्थापना से न केवल जल संकट को कम किया जा सकता है बल्कि यह समाज के साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी बढ़ावा देती हैं। पारंपरिक प्रणालियाँ जैसे कि बावड़ी, तालाब, और नाड़ी आदि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सहने की क्षमता रखती हैं और स्थानीय पर्यावरण के साथ समन्वय स्थापित करती हैं। इसके अलावा ये प्रणालियाँ सामुदायिक सहभागिता और स्थानीय ज्ञान के आधार पर

संचालित होती थी जिससे समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती थी। इन प्रणालियों के पुनर्जीवन से न केवल जल स्रोतों का संरक्षण होगा बल्कि यह राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को भी सुरक्षित रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम होगा।

सरकार और स्थानीय समुदायों द्वारा संयुक्त प्रयासों से इन प्रणालियों की पुनर्स्थापना न केवल संभव है बल्कि यह एक स्थायी और प्रभावी जल प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। राजस्थान में जल संरक्षण के लिए सामुदायिक भागीदारी और सरकारी प्रयासों के सम्मिलन की आवश्यकता है। परम्परागत प्रणालियों का पुनर्स्थापना न केवल एक तकनीकी उपाय है बल्कि यह समाज के पारिस्थितिकीय और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की दिशा में भी एक कदम है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मेहता आर. के. : 'राजस्थान की जलवायु और जल संसाधन', जयपुर पब्लिकेशन्स, 2021
2. शर्मा, एस. पी. : 'भारत की पारंपरिक जल संरक्षण प्रणाली', नेशनल बुक ट्रस्ट, 2019
3. सिंह, डी. पी. : 'राजस्थान में जल संकट: एक समाजशास्त्रीय अध्ययन', अकादमिक प्रकाशन, 2020
4. जोशी, एम. एस. : 'पारंपरिक जल संचयन प्रणालियों का पुनर्स्थापन और उसका प्रभाव', राजस्थान यूनिवर्सिटी, 2018
5. टारुण भारत संघ की वार्षिक रिपोर्ट, 2023

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

मानवतावाद और नीतिपरक राजनीति

डॉ. डी.के.वर्मा *

* एसोसिएट प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) एस.बी.एन. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

प्रस्तावना – राजनीति समाज का दर्पण है। यह जीवन के प्रत्येक पहलू से जुड़ी है। राजनीति सम्पूर्ण समाज में व्याप्त है। राजनीति से बाहर कुछ भी नहीं है। जल, जंगल, जमीन, सम्पदा, शिक्षा, संस्कृति, उद्योग, वाणिज्य, चरित्र, सोच, सत्ता, प्रशासन आदि सभी कुछ राजनीति से निर्णीत एवं प्रभावित है। समाज के सम्पूर्ण परिवेश को राजनीति घेरे हुए है।

सत्ता के साथ सब चीजें नकल होनी शुरू हो जाती हैं। सत्ताधिकारी जो करता है, वह सारा मुल्क करने लगता है। तो राजनीति पर तो अत्यन्त शुद्धि की जरूरत है। वहाँ सबसे ज्यादा जरूरत है, कि अच्छा आदमी वहाँ हो। जब अनुयायी को यह पता चल जाये, कि सब नेता बेईमान हैं, तो अनुयायी को कितनी देर तक ईमानदार रखा जा सकता है ? अच्छे आदमी के राजनीति में आने से आमूल परिवर्तन होने लगेंगे। फिर अच्छे आदमी की यह खूबी है कि वह कुर्सी को पकड़ नहीं लेगाय क्योंकि अच्छा आदमी कुर्सी की वहज से ऊंचा नहीं हो गया है। ऊंचा होने की वजह से उसे कुर्सी पर बिठाया गया है। भारत के राजनीति परिदृश्य पर दृष्टि डालने से स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय की 'राजनीति विचारशून्यता एवं मूल्यहीनता' की शिकार है और इसलिए गहरे अन्तर्विरोध, गतिरोध तथा चारित्रिक संकट में फँसती चली जा रही है। भारत के राजनीतिक दल अपनी-अपनी विचारधारा की बात करते हैं। वैचारिक सामंजस्य समाप्त हो गया है। सभी दल व नेता जनता को अपने पक्ष में रिझाने की कोशिश कर रहे हैं। सत्ता प्राप्ति के लक्ष्य ने जन कल्याण के महत्त्वपूर्ण लक्ष्य को यस लिया है। भारत का राजनीतिक संकट और अधिक गहरा होता जा रहा है। सम्पूर्ण राजनीतिक व्यवस्था धार्मिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक पतन के कुहासे में डूबती जा रही है।

देश का राजनीतिक संकट सिर्फ राजनीतिक भ्रष्टाचार, अपराधीकरण, सांस्कृतिक विच्छिन्नता अथवा जातिवाद के जहर के कारण उत्पन्न नहीं हुआ है, वरन् इसका प्रमुख आधार नैतिक मूल्यों के ह्रास में निहित है। अध्यात्म के जीवन-सत्यों एवं नैतिकता को बिसराकर भौतिकवाद की तरफ बढ़ते कदमों ने राजनीति के स्वरूप को अमानवीय बना दिया है। प्रेम सिंह लिखते हैं कि 'भारत के राजनीतिक संकट का सबसे महत्त्वपूर्ण आयाम एक निर्णायक विचारधारा के रूप में पूँजीवादी उपभोक्तावाद की प्रतिष्ठा है।'

राजनीतिशास्त्र और नीतिशास्त्र – कोई भी राजनीति 'नीति' के दायरे से परे नहीं हो सकती। 'नैतिकता' राजनीति का मूलाधार है। जो लोग दोहरी नैतिकता के सिद्धान्त को अपनाते हैं, वे राजनीति को व्यवसाय में बदल देते हैं। आज साध्य और साधनों में अन्तर करके किसी भी प्रकार उद्देश्यों को पूरा कर लेने की सामान्य प्रवृत्ति बनती जा रही है। राजनीतिज्ञ केवल अपने कार्यक्रमों की सफलता में ही उत्सुक नजर आते हैं, जन सेवा या कल्याण में नहीं। वे अनैतिक साधनों के द्वारा भी अपना ध्येय पा लेना चाहते हैं। किन्तु राजनेताओं की कोई भी सफलता केवल राजनीतिक नहीं हो सकती, यह नैतिक भी होना चाहिए।

रीनहोल्ड नेबर का मत है कि चूँकि मानव लक्ष्यों व प्रेरकों के बारे में बाहर से मूल्यांकन करना बहुत कठिन होता है, अत: किसी कार्य या नीति के 'सामाजिक परिणामों' को ही इनकी नैतिकता की वास्तविक कसौटी मानी जानी चाहिए, इसके अप्रकट लक्ष्यों को नहीं।

यदि राजनीति का क्षेत्र खुला, स्वतन्त्र व नियन्त्रण के बाहर होगा तो ऐसी राजनीति में अनिवार्यत: कई बुराइयाँ प्रवेश करेंगी और धीरे-धीरे यह 'अनैतिक राजनीति' का रूप धारण कर लेगी। ऐसी राजनीति व्यक्तियों को खुली चेतना से अपराध करने के लिए प्रेरित करेगी। फलस्वरूप, राजनीति और नीतिशास्त्र में अन्तर बढ़ता जायेगा।

नीतिशास्त्रीय प्रजातंत्रीय समाजवाद – 'राजनीतिकव्यवस्था' सामाजिक व्यवस्था का एक आवश्यक आयाम है। राजनीति का सम्बन्ध शक्ति के प्रशासन से है। राजनीतिक जीवन के स्वरूप शक्ति की प्रकृति और वितरण के अनुसार तथा उन सीमाओं, जिनके भीतर व्यक्ति-समूह शक्ति प्राप्त करते है एवं शक्ति का उपयोग करते है, के अनुसार भिन्न-भिन्न होते हैं। लेकिन 'शक्ति' मूल्यों से पृथक् नहीं की जा सकती क्योंकि शक्ति की प्रकृति, जो कि राजनीतिक परिदृश्य पर अपना प्रभुत्व रखती है, विकास की प्रक्रिया का एक आयाम है और जो व्यक्ति को सदैव सम्बन्धों के नये स्वरूप प्राप्त करने में सहायक होती है। व्यक्तियों के आपस में जुड़े होने के कारण शक्ति और मूल्य भी अन्तर्सम्बन्धित होते हैं। मूल्यों की प्राप्ति के लिए शक्ति की जरूरत होती है तथा शक्ति के उपयोग का तात्पर्य मूल्यों से है। अत: शक्ति सम्बन्धों का आशय उन मूल्यों के प्रकार्य से है जो व्यक्तियों के आपसी सम्बन्धों में निहित होते हैं। राजनीतिक व्यवस्था जीवन का पृथक् क्षेत्र नहीं है वरन् सामाजिक व्यवस्था की पराकाष्ठा एवं चरम बिन्दु है क्योंकि यह जीवन की सबसे अधिक व्यापक एवं सुस्पष्ट अभिव्यक्ति है। इस कारण से राजनीति के क्षेत्र में प्राकृतिक नियमों एवं सार्वभौमिक सिद्धान्तों एवं मानदण्डों की उपेक्षा नहीं की जा सकती है।

नीतिशास्त्रीय जनतान्त्रिक समाजवाद की अवधारणा यह मानती है कि समाज में व्याप्त बुराइयों को तभी समाप्त किया जा सकता है जबकि इसके सदस्यों में 'धर्म' अर्थात् अपने कर्तव्य के निर्वाह की भावना विकसित हो। ऐसे समाज के सभी सदस्यों विशेषकर राजनीतिज्ञों का यह कर्तव्य होना

चाहिए कि प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण एवं खुशहाली के लिए कार्य करें। हमारा कर्तव्य वही है कि 'हमें क्या उचित करना चाहिए और 'चाहिए' की भावना में सम्पूर्ण नीतिशास्त्र निहित है। अत: राजनीतिक संगठनों को केवल नौतिशास्त्रीय भावना से एवं नैतिक सिद्धान्तों के आधार पर ही आचरण करना चाहिए। नीतिशास्त्रीय-जनतान्त्रिक समाजवाद में 'राज्य' आन्तरिक एवं बाह्य सुरक्षा तथा सामूहिक संसाधनों के उचित प्रबन्ध और उपयोग के लिए कार्य करता है ताकि समाज के सदस्यों के सामान्य कल्याण में वृद्धि की जा सके। नैतिक एवं प्रजातंत्रीय राज्य 'शक्ति' पर आधारित नहीं होगा, यद्यपि कभी-कभी आवश्यक होने पर उस दशा में जबकि सामाजिक अव्यवस्था को रोकने व नैतिक मूल्यों के विकास के लिए उपयुक्त वातावरण का निर्माण करना आवश्यक हो, राज्य शक्ति का प्रयोग कर सकता है। यह राज्य न तो अधिनायकवादी होगा और न ही पूँजीवाद समाज में सम्पत्ति की विषमताओं के कारण अपराधों को बढ़ाने वाला होगा। यह राज्य सुधारवादी होगा जो मानवीय कमजोरियों को दूर करेगा। नैतिक- जनतन्त्रीय राज्य अपनी शक्ति का प्रयोग न केवल नैतिक उद्देश्यों के लिए करेगा वरन् शक्ति को नैतिक ढंग से भी प्रयोग में लायेगा।

प्रजातन्त्र की समाज में शक्तियाँ – इस प्रकार नैतिक एवं जनतन्त्रीय समाज में शक्ति का प्रयोग पूर्ण रूप से जासूसों एवं पुलिस के हाथों में नहीं दिया क्योंकि इसके प्रयोग का उद्देश्य 'सहयोग' प्राप्त करना है जो कि स्वतन्त्र नागरिकों द्वारा स्वतन्त्र वातावरण में ही देना सम्भव है। इसके लिए हमें सामाजिक चेतना जाग्रत करनी होगी, आत्मिक सहयोग देने के लिए सांस्कृतिक प्रेरणा देनी होगी तथा एक 'आध्यात्मिक लालसा' उत्पन्न करनी होगी जो प्रतिबन्धित, कठोर एवं श्रम-साध्य कर्तव्य के निर्वाह को भी एक 'आनन्द' में बदल देगी।

नीतिशास्त्रीय जनतंत्रीय समाजवाद व्यक्ति की आन्तरिक एवं आध्यात्मिक समानता में विश्वास करता है क्योंकि यह 'मानवता' को सदैव 'साध्य' के रूप में देखता है, साधन के रूप में नहीं। ऐसे समाज में सरकार सभी व्यक्तियों की खुशहाली के लिए कार्य करती है। सरकार यह लक्ष्य 'उत्तरदायित्वपूर्ण आजादी' की अवधारणा के माध्यम से प्राप्त करती है जिसमें राज्य सभ्यता का एक सच्चा उपकरण बनकर अपने नागरिकों के लिए सामाजिक उत्तरदायित्व का आदर्श प्रस्तुत करता है।

ऐसे समाज में व्यक्ति को स्वतन्त्र एवं प्रसन्न रहने का समान अवसर उपलब्ध रहता है। यह राजनीतिक प्रस्थिति, नैतिक अवधारणा तथा सामाजिक दशा कृ इन तीनों का मिश्रण है। यह भावात्मक समानता को प्राकृतिक असमानता के तथ्य के साथ समायोजित करने का प्रयास करता है। इसी समाज में व्यक्ति को स्वराज के लक्ष्य की प्राप्ति होती है और वह अपने लिए सर्वोकृष्ट कल्याण को प्राप्त कर सकता है। ऐसे समाज में उसके न्यायोचित अधिकारों का उल्लंघन नहीं हो सकता, उसके सम्पूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है तथा यह वैयक्तिक उत्तरदायित्व व स्व-सहायता की दिशा में उपलब्ध श्रेष्ठ सहायता है।

वर्तमान प्रजातन्त्र की अनेक कमियाँ है। यह नागरिक स्वतन्त्रता के विरुद्ध है, दल-पद्धति से बहुमत का अत्याचार बढ़ता है। यह अत्यधिक धीमे विकास एवं अयोग्यता को बनाये रखने की पद्धति है। यह संख्या-बल, अनुत्तारदायित्व तथा शौकिया एवं अपरिपक्व राजनीतिज्ञों को बढ़ावा देती है। इसमें सिद्धान्तहीनता, अपव्यय, भ्रष्टाचार, रिश्वतबाजी, भाई-भतीजावाद, भ्रष्ट आचरण, भौतिकवाद, उपभोगवादी दृष्टि, सम्पत्ति निर्माण, चापलूसी, लोभ-लालच, चरित्रहीनता, आध्यात्मिक अवमूल्यन आदि बुराइयाँ तेजी से पनपती हैं। इन सब विकृतियों को रोकने का एकमात्र प्रभावी उपाय 'नीतिशास्त्रीय प्रजातंत्र' की स्थापना करना है।

राजनीतिक प्रजातंत्र की पद्धति – भारत में पाश्चात्य राजनीतिक प्रजातंत्र की पद्धति की नकल की गई जो जहाँ स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यह नागरिकों पर भ्रष्टीकरण एवं नैतिक पतन का प्रभाव डालती है। यह पद्धति भौतिकवादी दर्शन एवं सुखवादी प्रमापों पर आधारित है। इसमें राजनेताओं की निष्ठा अदृश्य ईश्वर के प्रति नहीं, वरन् 'चमकीले स्वर्ण' के प्रति होती है। शक्ति और मुद्रा भारतीय राजनीति में नैतिक संकट ही उनका भगवान होता है। वे सत्ता के लालच में झूठे आदर्शों को स्वीकार करते हैं तथा 'मूल्यों का मूल्यान्तरण' करते हैं। तथाकथित प्रजातंत्र सम्पूर्ण समाज को विभिन्न दलों में बाँट देता है।

दलीय प्रणाली से समाज में घृणा, संघर्ष, प्रतिस्पर्धा, कर्तव्यों की उपेक्षा, दायित्वहीनता, चरित्र-हनन, अपठ' एवं बर्बादी बढ़ती है। दलीय पद्धति से प्रत्याशी का सही चयन संभव नहीं होता। यह वैयक्तिकता को कुचल देती है। यह सम्पूर्ण राजनीति को अधम घृणित बना देती है। प्रजातांत्रिक प्रणाली का सबसे बुरा पहलू राजनीतिज्ञों के चरित्र हनन एवं विवेकपूर्ण एवं आध्यात्मिक तत्तवों की अनुपस्थिति से जुड़ा है।

यदि हमें शासकों को गुणी, विद्धान् एवं सुसंस्कृत बनाना है तो शासन के उच्च स्तरों पर विवेकशील विचारकों को स्थान देना होगा जो जीवन में नैतिक नियमों का संचार करते हैं। उत्कृष्टता विशिष्ट होती है। नीतिशास्त्रीय प्रजातन्त्र उन व्यक्तियों को नीति निर्माण का कार्य नहीं सौंपता है जो नैतिक नियमा से अपरिचित होते हैं। इसमें उन व्यक्तियों को ही प्रशिक्षित करके आगे लाया जाता है जो नेतृत्व प्रदान करने के लिए अधिक योग्य होते हैं। नीतिशास्त्रीय प्रजातांत्रिक समाज में राजनीतिज्ञ भौतिक चिन्ताओं व प्रतिस्पर्धा से मुक्त होंगे तथा उनमें कर्तव्य की भावना सदैव माजूद रहेगी। राजनीतिज्ञों का यह समूह विशेषज्ञों जैसे दक्ष किसान, वैज्ञानिक शिक्षाशास्त्री, नीतिविद्, आध्यात्मिक सन्त आदि से गठित होगा जो ज्ञान, अनुभव चरित्र के धनी होंगे। इनका चयन समाज में गुप्त सूचनाओं व जाँच के आधार पर होगा। ये समाज एवं राज्य को व्यापक मार्गदर्शन देने वाले लोग होंगे। ये अति विवेकशील एवं नैतिक नियमों के ज्ञाता होंगे।

नीतिशास्त्रीय प्रजातांत्रिक राजनीतिक तंत्र में प्रधान मंत्री के भेष में कोई तानाशाह नहीं होगा जिसके चारों ओर सरकारी तंत्र चक्कर लगाता है। वहाँ कोई दलीय राजनीति नहीं होगी। वहाँ कोई दलीय प्रचार, चुनावी रणनीति, दलीय अध्यक्ष की आवाज, राजनीतिक अनुयाचन, पक्षप्रचार, अवांछनीय हथकंडे जैसे तरीके नहीं अपनायें जायेंगे। चुने हुए सदस्यों में से नीति निर्धारकों का समूह गठित होगा जो कि केवल योग्यता के आधार पर चयनित होगा। ऐसी राजरी ते व्यवस्था में 'दलीय अनुशासन', 'दलीय कार्यवाही', 'दलीय प्रमुख निर्देश या इच्छा' अथव। चापलूस कार्यकर्ता जैसी परम्परायें नहीं होंगी।

भावी दृष्टि-मानवातावादी एवं नीतिपरक राजनीति – भविष्य अनेक चुनौतियों व नैतिक खतरों से भरा होगा, इसमें कोई संशय नहीं है। राजनीतिक तंत्र में अवमूल्यन की गति, स्तर व सीमा क्या होगी, इसका पूर्वानुमान भी कठिन है। किन्तु भारतीय राजनीति की दिशा नैतिक मूल्यों के विघटन की ओर है और यह सतर्क एवं जागरूक हो जाने का संकेत भी है। आज भारतीय राजनीति आशंकाओं, अनिश्चितताओं, विफलताओं, वर्जनाओं, विकृतियों,

विषाद, सम्भावनाओं एवं अवसरों के बीच लड़खड़ाती हुई। खड़ी है। भारत की मौजूदा राजनीतिक दु:स्थिति का निराकरण संभव है। यह अपने स्वर्णिम दौर से भी गुजरी है। भारत के राजनीतिक चिन्तन ने विश्व को भी दिशा दी है।

जब कभी राजनीति 'शक्ति' पर केन्द्रित होने लगती है अथवा 'सत्ता' के चारों ओर घूमने लगती है, नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन की समस्या खड़ी हो जाती है। अत: राजनीति में इस पर विचार करना कि 'शक्ति' को कैसे संचालित, विभाजित अथवा वितरित किया जाये, एक नीतिशास्त्रीय समस्या है। शक्ति के सही उपयोग अथवा दुरुपयोग के व्यापक एवं निश्चित नैतिक निहितार्थ हैं।

'नैतिकता' निजी जीवन के साथ-साथ राजनीतिक व्यवहार का भी आदर्श एवं कसोटी मानी जानी चाहिए। व्यक्तियों और नागरिकों के रूप में हमारी अपेक्षायें एवं आदर्श समान होते हैं। घर और राष्ट्र की सुरक्षा एवं शान्ति समान रूप से महत्त्वपूर्ण होती है। निजी एवं राजनीतिक सम्बन्धों को विकसित करने की स्वतन्त्रता भी हमारी संस्कृति का ही अंग है तथा व्यक्ति के आदर्शों व स्वतन्त्रताओं की रक्षा राज्य के नैतिक व्यवहार, नीतिगत सोच एवं नीतिशास्त्रीय आचरण पर ही निर्भर है।

राजनीति और नीतिशास्त्र का समन्वय एवं सुमेल – मेक्स वेबर ने नीतिशास्त्र-प्रवृत्त आचरण के दो सिद्धान्तों का वर्णन किया हैकृएक है 'उत्तरदायित्व की नैतिकता' तथा दूसरा है 'परम लक्ष्य की नैतिकता'। जो लोग परम लक्ष्य की नैतिकता में विश्वास करते हैं, वे अपनी क्रियाओं के परिणामों पर ध्यान नहीं देते तथा वे कार्यों के परिणामों के प्रति उत्तरदायित्व को अस्वीकार करते हैं। वे केवल तभी अपने को 'उत्तरदायी' समझते हैं जब उनके पवित्र उद्देश्यों की प्यास नहीं बुझती। वे सामाजिक व्यवस्था में अन्याय का विरोध करते हैं। 'उत्तरदायित्व की नैतिकता' में विश्वास करने वाले व्यक्ति अपने कार्यों के परिणामों का पूर्वानुमान करके व्यवहार करते हैं तथा उनके प्रति अपने उत्तरदायित्व को स्वीकार करते हैं।

वेबर का विचार है कि जीवन के नैतिक विरोधाभासों से बचा नहीं जा सकता तथा अपने निर्णयों व कार्यों का उत्तरदायित्व भी व्यक्ति को स्वीकार करना चाहिए। वेबर ने राजनीति के क्षेत्र में 'व्यक्तित्व चमत्कार' की अवधारणा का प्रयोग करते हुए 'परम लक्ष्यों की नैतिकता' तथा 'उत्तरदायित्व की नैतिकता' के भेद को पाटने पर बल दिया है। वे राजनीति में इन दोनों सिद्धान्तों के संयोजन को उचित मानते हैं। उनका मत है कि 'राजनीति का संचालन मस्तिष्क से होता है, किन्तु यह निश्चित रूप से अकेले मस्तिष्क से ही संचालित नहीं होती। इसमें जन इच्छाओं, दूर दृष्टि, अपेक्षाओं, अदम्य साहस एवं नैतिक निर्णयों की भी आवश्यकता होती है।'

'राजनीति' वैयक्तिक सम्बन्धों में भाईचारा विकसित करने से कुछ अधिक है। यह सख्त लट्ठों का सुदृढ़ भेदन करने जैसी प्रकिया है। यह सभाव्य को प्राप्त करना है क्योंकि कई बार व्यक्ति असंभव को प्राप्त हो जाता है। वास्तव में, राजनीतिक समस्याओं के भेदन एवं निराकरण के लिए तथा राजनीति में नवप्रवर्तन एवं सृजनात्मकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नैतिकता, उत्तरदायित्व, जन कल्याण, प्रभावशीलता तथा नैतिक एवं परिपूर्ण आचरण की आवश्यकता होती है।

हम मूल्यों के रूपान्तरणकारी युग से गुजर रहे हैं। आज राजनीति में सन्देह, अनास्था, अविश्वास, उपद्रव, अपराध, नैतिक विघटन और निराशा का वातावरण बना हुआ है। राजनीतिक मूल्यों का विघटन जारी है। अध्यात्म, नीति और धर्म के सिद्धान्तों का अनुसरण करके ही राजनीति के चारित्रिक व नैतिक हास को रोका जा सकता है। निश्चित ही मौजूदा राजनीतिक विकृतियों ने सम्पूर्ण राष्ट्र-तंत्र को कम्पित कर दिया है। फिर भी देश के थके-हारे आहत नागरिक की राजनीतिक चेतना एवं अन्तर्विवेक अभी अवरुद्ध नहीं हुए हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि भारतीय राजनीति भौतिकवाद, स्वार्थवाद, अवसरवाद, अपराध, साम्प्रदायिक विष, भावात्मक शोषण व सत्ता भोग की छद्मवेशी नीति को त्यागकर आज नहीं तो कल यह देश राजनीतिक बिखराव, लोकतांत्रिक अध:पतन, राजनीतिक विच्छिन्नता, तथा आम नागरिक में बढ़ती राजनीतिक अनास्था, अन्तर्कलह एवं अपसंस्कृति के उपचार हेतु गहन निद्रा से जाग उठेगा।

निष्कर्ष – राजनीति के शिखर पुरुष अटलबिहारी वाजपेयी के विचारों पर केन्द्रित करते हुए यह कहा जा सकता है कि जब कोई नैतिक पुरुष एवं नीतिशास्त्री राजनीति करेगा तो वह अधिक मानवीय एवं परिष्कृत होगी। यदि राजनेता की पृष्ठभूमि नैतिक मूल्यों एवं आचरण से परिपूर्ण है तो वह मानवीय संवेदनाओं को नकार नहीं सकता। जब कभी सन्त, आध्यात्मिक पुरुष, आत्म-तृप्त अथवा नैतिक संस्कारों से परिमार्जित व्यक्ति राजनीति में पहुँचता है तो वह निर्दोष मानवीयता के खून से अपने हाथ नहीं रंगेगा। उसका हृदय दया, करुणा, क्षमा और प्रेम से आपूरित होगा, अत: उसका राजनीतिक कर्म अपने परम उद्देश्य से विमुख नहीं होगा, उसकी राजनीति व्यवसाय नहीं, वरन् मानव, समाज और राष्ट्र के लिए सेवा, त्याग और आत्म-तृप्ति का माध्यम होगी।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. एस. राधाकृष्णन् 'ईस्टर्न रीलिजन एण्ड वेस्टर्न थॉट', पृ. 362
2. राजगोपालाचारी, 'वेदान्त इन इन्डियन इनहेरिटेंस', पृ. 176
3. राधाकृष्णन् एस, 'रिलिजन एण्ड सोसायटी', पृ. 97
4. ओशो रजनीश, 'भारत के जलते प्रश्न', पृ. 443
5. उपर्युक्त, पृ.सं. 490-491

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
April to June 2023, E-Journal, Vol. I, Issue XLII

Linguistic Challenges: Common Errors in English Speaking Among Indians

Dr. Rajkumari Sudhir*

***Asst. Professor (English) Govt. Sarojini Naidu Girls P.G. College, Bhopal (M.P.) INDIA**

Abstract - English occupies a prominent role in India, serving as a bridge between diverse linguistic communities. However, its use is often marked by distinct errors influenced by native languages. Indian English Speakers often encounter linguistic challenges due to interference from native languages. This research paper explores common mistakes made by Indians while speaking English, including direct translations, misuse of grammatical structures, and pronunciation errors. Additionally, it examines unique "Indianisms" that distinguish Indian English from global varieties. By understanding these challenges, educators and learners can develop strategies to enhance English fluency. The paper aims to contribute to the broader discussion on second-language acquisition in multilingual societies.

